a. शिक्षा में नवाचारों को प्रोत्साहित करना, जिससे पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन, शिक्षण, प्रशिक्षण एवं अधिगम की नई पद्धतियों का विकास, जिनमें ऑनलाइन अधिगम, मिश्रित अधिगम (Blended Learning), सतत्/आजीवन शिक्षा (Continuing Education) तथा अन्य ऐसे माध्यम सम्मिलित हों, और व्यक्तित्व का समग्र एवं सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके;

b. विभिन्न विषयों में अध्ययन को प्रोत्साहित करना;

c. अंतर्विषयी (Inter-disciplinary) अध्ययन को प्रोत्साहित करना;

d. राष्ट्रीय एकता, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक समता तथा अंतरराष्ट्रीय समझ और नैतिकता के विकास को प्रोत्साहित करना;

e. डिप्लोमा, डिग्री, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम, डॉक्टरेट उपाधियों तथा पोस्ट-डॉक्टरेट (Post-Doctoral) कार्यक्रमों के लिए शैक्षणिक कार्यक्रम संचालित करना तथा शिक्षा के उच्च मानकों का अनुरक्षण करना; तथा

f. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा अन्य विनियामक निकायों के दिशानिर्देशों के अधीन रहते हुए, राष्ट्रीय एवं वैश्विक संस्थानों के साथ सहयोग स्थापित करना तथा कार्यक्रमों को वैश्विक मानकों के अनुरूप उन्नत करने की क्षमताओं का विकास करना।

13. निजी विश्वविद्यालय की शक्तियाँ:-

प्रत्येक निजी विश्वविद्यालय को निम्नलिखित शक्तियाँ प्राप्त होंगी, अर्थात्:—

a. निजी विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर निर्धारित अनुसार ज्ञान की शाखाओं में शिक्षण की व्यवस्था करना तथा अनुसंधान, ज्ञान एवं कौशल के संवर्धन, प्रसार एवं अनुप्रयोग के लिए प्रावधान करना।

b. कैंपस (In-campus), कैंपस के बाहर (Off-campus), उपग्रह केन्द्रों (Satellite Centres) अथवा दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों (Distance Education Programmes) के माध्यम से मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, विधि, चिकित्सा एवं संबद्ध विज्ञान तथा अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के अध्ययन का संचालन एवं संवर्धन करना।

c. शिक्षा के क्षेत्र के विशिष्ट विद्वानों तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त व्यक्तियों को प्रोफेसर एमेरिटस (Professor Emeritus) की उपाधि से सम्मानित करना।

d. निजी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन, व्यक्तियों को परीक्षाओं, मूल्यांकन अथवा परीक्षण की किसी अन्य पद्धति के आधार पर डिप्लोमा या प्रमाण-पत्र प्रदान करना तथा डिग्रियाँ (Degrees) अथवा अन्य शैक्षणिक विशिष्टताएँ (Academic Distinctions) प्रदान करना, और उचित एवं पर्याप्त कारण होने पर ऐसे किसी डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र, डिग्री अथवा अन्य शैक्षणिक विशिष्टता को वापस लेना।

e. निधारित रीति से मानद उपाधियाँ (Honorary Degrees) अथवा अन्य विशिष्टताएँ प्रदान करना।

f. ऐसे व्यक्तियों को, जो निजी विश्वविद्यालय के सदस्य न हों, को निजी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अनुसार शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जिसमें पत्राचार (Correspondence) तथा अन्य ऐसे पाठ्यक्रम भी सम्मिलित हों, प्रदान करना।

g. निजी विश्वविद्यालय की आवश्यकता के अनुसार निदेशक, प्रोफेसर, सह-प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर तथा अन्य शिक्षण अथवा शैक्षणिक पदों का सृजन करना तथा उन पदों के लिए नियुक्तियाँ करना।

h. प्रशासनिक, लिपिकीय तथा अन्य पदों का सृजन करना तथा उन पदों के लिए नियुक्तियाँ करना।

i. किसी अन्य विश्वविद्यालय अथवा संगठन में कार्यरत प्रतिष्ठित व्यक्तियों को स्थायी रूप से अथवा विनिर्दिष्ट अवधि के लिए नियुक्त करना अथवा उनकी सेवाएँ लेना।

j. निजी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित रीति एवं प्रयोजन के अनुसार भारत तथा विदेश में स्थित किसी अन्य विश्वविद्यालय, प्राधिकरण अथवा संस्थान के साथ सहयोग, सहभागिता अथवा संबद्धता स्थापित करना।

k. अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक समझे जाने वाले विद्यालयों(schools), केन्द्रों, विशिष्ट प्रयोगशालाओं अथवा अन्य अनुसंधान एवं शिक्षण इकाइयों की स्थापना करना तथा उनका अनुरक्षण करना।

l. अध्येतावृत्तियाँ (Fellowships), छात्रवृत्तियाँ (Scholarships), विद्यार्थीवृत्तियाँ (Studentships), पदक तथा पुरस्कार संस्थापित करना एवं प्रदान करना।

m. निजी विश्वविद्यालय के अंतर्गत आवासों एवं छात्रावासों की स्थापना, अनुरक्षण एवं पर्यवेक्षण करना तथा विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं सामान्य कल्याण को बढ़वा देना ।

n. अनुसंधान तथा परामर्श (Consultancy) के लिए प्रावधान करना तथा इस प्रयोजन हेतु अन्य संस्थानों अथवा निकायों के साथ ऐसे व्यवस्था/प्रबंध करना जिन्हें निजी विश्वविद्यालय आवश्यक समझे।

o. संविधियों (Statutes) के अनुसार किसी केन्द्र, संस्थान, विभाग अथवा विद्यालय ,जैसा भी मामला हो, घोषित करना।

p. निजी विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए मानकों का निर्धारण करना, जिनमें परीक्षा, मूल्यांकन अथवा परीक्षण की कोई अन्य पद्धति सम्मिलित हो सकती है।

q. शुल्क तथा अन्य प्रभारों का निर्धारण करना, उनकी मांग करना तथा उनकी भुगतान प्राप्त करना।

r. महिला विद्यार्थियों तथा अन्य वंचित विद्यार्थियों के आवास, अनुशासन एवं शिक्षण के संबंध में ऐसे व्यवस्था/प्रबंध करना जिन्हें निजी विश्वविद्यालय उपयुक्त समझे।

s. निजी विश्वविद्यालय के कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के मध्य अनुशासन का विनियमन एवं प्रवर्तन करना तथा इस संबंध में आवश्यक अनुशासनात्मक उपाय करना, जिन्हें निजी विश्वविद्यालय उपयुक्त समझे।

t. निजी विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं सामान्य कल्याण को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ करना।

u. इस विनियम की धारा 4 की उपधारा (1) के अधीन रहते हुए, निजी विश्वविद्यालय के हित में दान प्राप्त करना तथा चल अथवा अचल संपत्ति का अर्जन, धारण, प्रबंधन तथा विक्रय, पट्टा (Lease) अथवा किराये (Rent) के माध्यम से उसका निपटान करना।

v. इस विनियम की धारा 4 की उपधारा (1) के अधीन रहते हुए तथा प्रायोजक निकाय की स्वीकृति से, निजी विश्वविद्यालय की संपत्ति के एवज में बंधक (Mortgage) अथवा दृष्टि बंधन (Hypothecation) के माध्यम से, अथवा बिना प्रतिभूति (Security) के ऋण लेना।

w. संविदा (Contract) के आधार पर अथवा अन्यथा, आगंतुक प्रोफेसर (Visiting Professors), प्रोफेसर एमेरिटस (Emeritus Professors), परामर्शदाता (Consultants), फेलो (Fellows), विद्वान (Scholars), कलाकार (Artists), पाठ्यक्रम-लेखक (Course Writers) तथा ऐसे अन्य व्यक्तियों की नियुक्ति करना जो निजी विश्वविद्यालय के उद्देश्यों की प्राप्ति में योगदान दे सकें।

x. बाह्य अध्ययन (Extra-mural Studies) तथा विस्तार सेवाओं (Extension Services) का आयोजन करना एवं उनका संचालन करना।

y. इस विनियम के प्रावधानों के अनुरूप, निजी विश्वविद्यालय के सभी अथवा किसी भी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक, आनुषंगिक अथवा सहायक ऐसे अन्य कार्य करना तथा ऐसी अन्य कार्रवाइयाँ करना।

14. प्रवेश एवं शुल्क :-

(1) प्रत्येक निजी विश्वविद्यालय, इस विनियम तथा, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं अन्य विनियामक निकायों, जो लागू हो, के संबंधित संविधियों एवं विनियमों के प्रावधानों के अधीन रहते हुए, लिंग, वर्ग एवं पंथ के भेदभाव के बिना सभी व्यक्तियों के लिए खुला रहेगा।

(2) उपधारा (1) में अंतर्विष्ट कोई बात किसी निजी विश्वविद्यालय से निम्नलिखित की अपेक्षा नहीं करेगी:—

(i) किसी ऐसे व्यक्ति को किसी अध्ययन-पाठ्यक्रम में प्रवेश देना, जिसके पास निर्धारित शैक्षणिक अर्हता अथवा मानक न हो;

(ii) निजी विश्वविद्यालय के नामावली (Rolls) में ऐसे किसी विद्यार्थी को बनाए रखना, जिसका शैक्षणिक रिकार्ड किसी डिग्री अथवा अन्य शैक्षणिक विशिष्टता प्रदान किए जाने के लिए अपेक्षित न्यूनतम मानक से कम हो;

(iii) ऐसे किसी व्यक्ति को प्रवेश देना अथवा ऐसे किसी विद्यार्थी को बनाए रखना, जिसका आचरण निजी विश्वविद्यालय के हितों अथवा अन्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के अधिकारों एवं विशेषाधिकारों के प्रतिकूल हो; तथा

(iv) निजी विश्वविद्यालय की नामावली में ऐसे किसी विद्यार्थी को बनाए रखना, जो पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित आवश्यक शुल्क का भुगतान करने में असफल रहता है।

(3) उपधारा (1) एवं (2) के प्रावधानों तथा निजी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मानक प्रवेश प्रक्रिया के अधीन रहते हुए, निजी विश्वविद्यालय प्रत्येक अध्ययन-पाठ्यक्रम में पच्चीस प्रतिशत सीटें संघ राज्यक्षेत्र अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के अधिवासी विद्यार्थियों के लिए आरक्षित करेगा।

(4) संघ राज्यक्षेत्र अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के अधिवासी विद्यार्थियों के लिए आरक्षित पच्चीस प्रतिशत सीटों के अंतर्गत श्रेणी-आधारित सीट आरक्षण, संघ राज्यक्षेत्र अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन द्वारा समय-समय पर बनाए गए विधियों एवं आदेशों द्वारा विनियमित किया जाएगा।

(5) निजी विश्वविद्यालय अपना प्रवेश, ऑनलाइन पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से संचालित करेगा।

(6) निजी विश्वविद्यालय समय-समय पर अपनी शुल्क संरचना तैयार कर सकेगा और उसे धारा 26 के तहत इस प्रयोजन के लिए गठित शासी परिषद (Governing Council) के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करेगा।

(7) शासी परिषद विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई शुल्क संरचना पर विचार करेगी और यदि वह इस बात से संतुष्ट हो कि प्रस्तावित फीस:-

(i) निम्नलिखित के लिए पर्याप्त है:—

a. विश्वविद्यालय के आवर्ती व्यय की पूर्ति हेतु संसाधन जुटाना ; तथा

b. विश्वविद्यालय के आगे के विकास के लिए आवश्यक बचत करना; तथा

(ii) अनुचित रूप से अत्यधिक नहीं है, तो वह शुल्क संरचना का अनुमोदन कर सकेगी।

(8) उपधारा (5) के अधीन शासी परिषद द्वारा अनुमोदित शुल्क संरचना तीन वर्षों की अवधि तक प्रवृत्त रहेगी और विश्वविद्यालय ऐसी शुल्क संरचना के अनुसार शुल्क लेने के लिए हकदार होगा।

(9) निजी विश्वविद्यालय, उपधारा (5) के अधीन जिन शुल्कों को प्राप्त करने का हकदार है, उनके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का कोई शुल्क, चाहे उसे किसी भी नाम से पुकारा जाए, अधिरोपित या वसूल नहीं करेगा।

(10) निजी विश्वविद्यालय निर्धारित शुल्क संरचना की सूचना सरकार को देगा। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए अधिकृत होगी कि निर्धारित शुल्क में लाभ कमाने की प्रवृत्ति (Profiteering) अथवा कैपिटेशन फीस (Capitation Fee) का वसूला जाना अंतर्विष्ट न हो।

(11) निजी विश्वविद्यालय आर्थिक अथवा सामाजिक रूप से पिछड़े परिवारों के विद्यार्थियों, जिनमें अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछडे वर्गों के विद्यार्थी सम्मिलित हैं, को कुल विद्यार्थी संख्या के कम-से-कम पाँच प्रतिशत विद्यार्थियों को योग्यता-आधारित छात्रवृत्ति (Merit Scholarship) प्रदान करेगा।

15. निजी विश्वविद्यालय के अधिकारीगण – निजी विश्वविद्यालय के निम्नलिखित अधिकारीगण होंगे, अर्थात्:–

a. कुलाधिपति;

b. कुलपति;

c. सम -कुलपति;

d. कुलसचिव;

e. डीन एवं निदेशक;

f. वित्त अधिकारी/लेखा अधिकारी;

g. परीक्षा नियंत्रक; तथा

h. ऐसे अन्य व्यक्ति, जिन्हें परिनियमों द्वारा निजी विश्वविद्यालय के अधिकारी घोषित किया जा सके ।

16. कुलाधिपति –

(1) कुलाधिपति की नियुक्ति प्रबंधन समिति द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी, जैसा कि निर्धारित किया जाएगा ।

(2) कुलाधिपति, अपने पद की हैसियत से, निजी विश्वविद्यालय का प्रधान होगा तथा एक अंतरिम कार्यकारी परिषद् का गठन करेगा। इस प्रकार गठित अंतरिम कार्यकारी परिषद्, धारा 26 के तहत कार्यकारी परिषद् के गठन होने पर अस्तित्व में नहीं रहेगी।

(3) कुलाधिपति, प्रबंधन समिति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लिखित पत्र द्वारा अपने पद से त्यागपत्र दे सकेगा।

(4) कुलाधिपति को किसी भी सूचना अथवा अभिलेख की मांग करने की शक्तियाँ होंगी।

17. कुलपति –

(1) कुलपति निजी विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक वेतनभोगी अधिकारी होगा तथा उनकी नियुक्ति कुलाधिपति द्वारा, इस प्रयोजन हेतु गठित खोज-व-चयन समिति (Search-cum-Selection Committee) द्वारा अनुशंसित तीन नामों के पैनल में से की जाएगी तथा वह तीन वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेगा।

परंतु यह कि, कुलपति अपने कार्यकाल की समाप्ति के पश्चात् भी तब तक पद पर बना रहेगा, जब तक कि नया कुलपति कार्यभार ग्रहण नहीं कर लेता। तथापि, किसी भी स्थिति में यह अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(2) कुलपति की अर्हताएँ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षकों तथा अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएँ तथा उच्च शिक्षा में मानकों के अनुरक्षण हेतु अन्य उपाय) विनियम, 2018 के अनुरूप होंगी।

(3) कुलपति के चयन हेतु खोज-व-चयन समिति की संरचना की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी—

a. कुलाधिपति द्वारा नामित एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, जो समिति का अध्यक्ष होगा;

b. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष द्वारा नामित एक सदस्य; तथा

c. कार्यकारी परिषद् द्वारा नामित ऐसा शिक्षाविद्, जिसने प्रोफेसर के रूप में कम-से-कम दस वर्ष की सेवा की हो।

(4) कुलपति निजी विश्वविद्यालय का मुख्य कार्यपालक तथा शैक्षणिक अधिकारी होगा और वह निजी विश्वविद्यालय के समस्त कार्यों पर सामान्य अधीक्षण एवं नियंत्रण रखेगा तथा निजी विश्वविद्यालय के विभिन्न प्राधिकारियों द्वारा लिए गए निर्णयों का निष्पादन करेगा।

(5) कुलाधिपति की अनुपस्थिति में कुलपति निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेगा।

(6) यदि कुलपति की राय में किसी ऐसे विषय पर, जिसके संबंध में इस विनियम द्वारा अथवा इसके अधीन किसी अन्य प्राधिकारी को शक्तियाँ प्रदान की गई हैं, तत्काल कार्रवाई करना आवश्यक हो, तो वह ऐसी कार्रवाई कर सकेगा जिसे वह आवश्यक समझे, तथा उसके पश्चात् यथाशीघ्र उसके द्वारा की गई कार्रवाई की सूचना उस अधिकारी अथवा प्राधिकारी को देगा, जो सामान्यतः उस विषय पर विचार करता।

परंतु यह कि, यदि संबंधित अधिकारी अथवा प्राधिकारी की राय में ऐसी कार्रवाई कुलपति द्वारा नहीं की जानी चाहिए थी, तो ऐसे मामले को कुलाधिपति को संदर्भित किया जाएगा, जिनका निर्णय इस संबंध में अंतिम होगा।

परंतु यह भी कि, यदि कुलपति द्वारा की गई ऐसी किसी कार्रवाई से विश्वविद्यालय की सेवा में कार्यरत किसी व्यक्ति के हित प्रभावित होते हैं, तो ऐसा व्यक्ति उस कार्रवाई की सूचना प्राप्त होने की तिथि से तीन माह के भीतर शासी परिषद् के समक्ष अपील प्रस्तुत करने के लिए हकदार होगा। शासी परिषद् का निर्णय अपील की तिथि से अधिकतम तीन माह की अवधि के भीतर संबंधित व्यक्ति को सूचित किया जाएगा।

(7) यदि कुलपति की राय में निजी विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकारी द्वारा लिया गया कोई निर्णय इस विनियम, इसके अधीन बनाए गए परिनियमों, अध्यादेशों अथवा विनियमों द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुरूप नहीं है अथवा निजी विश्वविद्यालय के हितों के प्रतिकूल होने की संभावना है, तो वह संबंधित प्राधिकारी से उसके निर्णय पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करेगा। यदि संबंधित प्राधिकारी उस निर्णय में पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से संशोधन करने से इंकार करता है अथवा पंद्रह दिनों के भीतर कोई निर्णय नहीं लेता है, तो ऐसे मामले को कुलाधिपति को संदर्भित किया जाएगा, जिनका निर्णय इस संबंध में अंतिम होगा। उक्त निर्णय को अनुमोदन (Ratification) हेतु शासी परिषद् के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

(8) कुलपति परिनियमों तथा अध्यादेशों द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करेगा तथा ऐसे कर्तव्यों का निर्वहन करेगा, जैसा उनमें निर्धारित किया जाएगा ।

(9) यदि कुलपति का पद मृत्यु, त्यागपत्र अथवा किसी अन्य कारण से रिक्त हो जाता है, अथवा वह अस्वस्थता या किसी अन्य कारणवश अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ हो जाता है , तो सम-कुलपति द्वारा कुलपति के कर्तव्यों का निर्वहन करेगा।

परंतु यह कि, यदि सम-कुलपति उपलब्ध न हो, तो कुलाधिपति वरिष्ठतम प्रोफेसर को नियुक्त करेगा, जो तब तक कुलपति के कर्तव्यों का निर्वहन करेगा, जब तक कि नया कुलपति पदभार ग्रहण न कर ले अथवा वर्तमान कुलपति पुनः अपने पद के कर्तव्यों का निर्वहन प्रारंभ न कर दे, जैसा भी मामला हो।

(10) कुलपति कार्यकारी परिषद्, शैक्षणिक परिषद् तथा वित्त समिति का पदेन अध्यक्ष होगा तथा कुलाधिपति की अनुपस्थिति में विद्यार्थियों को डिग्रियाँ /उपाधियाँ प्रदान करने हेतु आयोजित दीक्षांत समारोहों की भी अध्यक्षता करेगा।

(11) कुलपति निजी विश्वविद्यालय के किसी भी प्राधिकारी अथवा अन्य निकाय की किसी भी बैठक में उपस्थित रहने तथा उसे संबोधित करने का हकदार होगा, किन्तु वह मतदान करने के लिए तब हकदार नहीं होगा, जब तक कि वह उस प्राधिकारी अथवा निकाय का सदस्य न हो।

(12) कुलपति का कर्तव्य होगा कि वह यह सुनिश्चित करे कि इन विनियमों का विधिवत् पालन एवं क्रियान्वयन किया जा रहा है, तथा ऐसे क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए उसे आवश्यक सभी शक्तियाँ प्राप्त होंगी।

(13) निजी विश्वविद्यालय में अनुशासन के समुचित अनुरक्षण के लिए कुलपति के पास आवश्यक सभी शक्तियाँ होंगी तथा वह ऐसी किसी भी शक्ति का प्रत्यायोजन (Delegation) ऐसे किसी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों को कर सकेगा, जिन्हें वह उपयुक्त समझे।

18. सम-कुलपति

(1) कुलपति की सिफारिश पर, कार्यकारी परिषद एक प्रोफेसर को सम-कुलपति के तौर पर नियुक्त करेगी, जो प्रोफेसर के तौर पर अपनी उत्तरदायित्वों के अलावा सम-कुलपति के उत्तरदायित्वों को भी निभाएंगे;

परन्तु यह भी कि यदि कार्यकारी परिषद, कुलपति की अनुशंसा को स्वीकार नहीं करती है, तो मामला कुलाधिपति को भेजा जाएगा, जो या तो कुलपति द्वारा अनुशंसित प्रोफेसर को नियुक्त कर सकते हैं या कुलपति से कार्यकारी परिषद द्वारा दोबारा विचार करने के लिए किसी दूसरे प्रोफेसर के नाम की सिफ़ारिश करने के लिए कह सकते हैं।

(2) सम-कुलपति का कार्यकाल, कार्यकारी परिषद द्वारा निर्धारित किया जाएगा, लेकिन यह किसी भी स्थिति में तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी या कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने तक, जो भी पहले हो, होगा।

परन्तु यह कि जिस सम-कुलपति का कार्यकाल समाप्त हो गया है, वह निर्धारित प्रक्रिया का पालन करके सम-कुलपति के पद पर दोबारा नियुक्ति के लिए पात्र होंगे:

परन्तु यह भी कि सम-कुलपति द्वारा कुलपति के उत्तरदायित्वों को निभाते समय सम-कुलपति के तौर पर अपना कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद भी पद पर बने रहेंगे, जब तक कि कुलपति पदभार न संभाल लें या कोई नया कुलपति पदभार ग्रहण न कर लें, जैसा भी मामला हो:

परन्तु यह भी कि किसी भी स्थिति में सम-कुलपति, 65 वर्ष की आयु पूरी होने पर सेवानृवित्त हो जाएंगे।

(3) सम-कुलपति के पास ऐसी शक्तियाँ होंगी तथा वह ऐसे कर्तव्यों का निर्वहन करेगा, जैसा कि निजी विश्वविद्यालय के विनियमों द्वारा निर्धारित किया जाएगा ।

(4) सम-कुलपति के द्वारा समय-समय पर कुलपति द्वारा विनिर्दिष्ट विषयों के संबंध में कुलपति की सहायता करेगा तथा वह ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा और ऐसे कर्तव्यों का निर्वहन करेगा, जो कुलपति द्वारा उसे सौंपे अथवा प्रत्यायोजित किए जाएँगे ।

19. रजिस्ट्रार: -

(1) रजिस्ट्रार, निजी विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक वेतनभोगी अधिकारी होगा और उसे कार्यकारी परिषद द्वारा चयन समिति की अनुशंसा पर नियुक्त किया जाएगा, जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:-

i. कुलपति – अध्यक्ष;

ii. कुलाधिपति का एक नामिती;

iii. कार्यकारी परिषद द्वारा नामित परिषद के दो सदस्य; तथा

iv. कार्यकारी परिषद द्वारा नामित किए जाने वाला एक विशेषज्ञ, जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हो।

(2) रजिस्ट्रार का पद धारण करने वाले व्यक्ति के पास विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित अर्हताएं होनी चाहिए।

(3) रजिस्ट्रार का कार्यकाल पद ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष तक के लिए होगा और वह रजिस्ट्रार के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से नियुक्त होने का पात्र होगा;

(4) निजी विश्वविद्यालय की ओर से सभी ऐसे विनियमों पर रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर होंगे और सभी दस्तावेजों और अभिलेखों को रजिस्ट्रार द्वारा प्रमाणीकृत किया जाएगा।

(5) जब रजिस्ट्रार का पद रिक्त हो या जब रजिस्ट्रार बीमारी, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से अपने पद के कर्तव्यों को निभाने में असमर्थ हो, तो पद के कर्तव्यों का पालन वह व्यक्ति करेगा जिसे कुलपति इस कार्य के लिए नियुक्त करेंगे।

(6) रजिस्ट्रार, कार्यकारी परिषद तथा शैक्षणिक परिषद का पदेन (ex-officio) सचिव होगा, लेकिन उसे इन प्राधिकरणों में से किसी का सदस्य नहीं माना जाएगा।

(7) रजिस्ट्रार, प्रत्यक्ष रूप से कुलपति के प्रति उत्तरदायी होगा और उनके निर्देशों के अनुसार कार्य करेगा।

(8) रजिस्ट्रार के पास कार्यकारी परिषद के आदेश में विनिर्दिष्ट अनुसार कर्मचारियों, शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों को छोड़कर, के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने और जांच लंबित रहने तक उन्हें निलंबित करने, उन्हें चेतावनी जारी करने या उन पर निंदा(Censure) या वेतनवृद्धि रोकने की जुर्माना लगाने की शक्तियां प्राप्त होगी;

परन्तु यह कि ऐसा कोई जुर्माना तब तक नहीं लगाई जाएगी जब तक कि उस व्यक्ति को उसके विरूद्ध की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में कारण बताने का उचित अवसर प्रदान न किया गया हो।

(9) विनियम में विनिर्दिष्ट जुर्माना में से किसी भी जुर्माना को लगाने वाले रजिस्ट्रार के किसी भी आदेश के विरूद्ध कुलपति के पास अपील की जा सकेगी।

(10) रजिस्ट्रार का यह कर्तव्य होगा कि वह:-

a. कार्यकारी परिषद द्वारा उनके प्रभार में सौंपे गए रिकॉर्ड्स, कॉमन सील और निजी विश्वविद्यालय के ऐसे अन्य संपत्तियों के कस्टोडियन (संरक्षक) के रूप में कार्य करना ;

b. कार्यकारी परिषद, शैक्षणिक परिषद और उन प्राधिकारियों द्वारा गठित किसी भी समिति की बैठक बुलाने के लिए सभी प्रकार के नोटिस जारी करना ;

c. कार्यकारी परिषद, शैक्षणिक परिषद और उन प्राधिकारियों द्वारा गठित किसी भी समिति की बैठकों के कार्यवृत्तों(Minutes) को संभाल कर रखना; ;

d. कार्यकारी परिषद और शैक्षणिक परिषद के बीच आधिकारिक पत्र-व्यवहार करना;

e. निजी विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों की बैठकों के कार्यसूची और उन बैठकों के कार्यवृत्त (Minutes)जारी होते ही कुलपति को उनकी प्रतियां उपलब्ध कराना;

f. विश्वविद्यालय द्वारा या उसके विरूद्ध वाद या कार्यवाही में निजी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करना, पावर ऑफ अटॉर्नी पर हस्ताक्षर करना और दलीलों (Pleadings) को सत्यापित करना या इस कार्य के लिए अपने प्रतिनिधि को भेजना/नियुक्त करना;

g. ऐसे अन्य कार्य करना जो निजी विश्वविद्यालय के नियमों में विनिर्दिष्ट हों या जिनकी आवश्यकता समय-समय पर कार्यकारी परिषद या कुलपति, जैसा भी मामला हो, को हो;

h. निजी विश्वविद्यालय की ओर से करार करना, कागज़ों पर हस्ताक्षर करना और रिकॉर्ड को प्रमाणीकृत करना।

i. निजी विश्वविद्यालय की भवनों, बगीचों, कार्यालय, कैंटीन, कारों और अन्य वाहनों, प्रयोगशालाओं , पुस्तकालयों , पठन कक्ष, उपकरणों और अन्य संपत्तियों की सुरक्षा एवं रखरखाव की व्यवस्था करना; और

j. निजी विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों की ओर से आधिकारिक पत्र-व्यवहार करना।

(11) यदि किसी भी समय, किसी अभ्यावेदन के आधार पर अथवा अन्यथा, तथा आवश्यक समझी जाने वाली ऐसी जाँच करने के पश्चात्, परिस्थितियाँ ऐसी हों कि रजिस्ट्रार का पद पर बने रहना निजी विश्वविद्यालय के हित में न हो, तो कुलपति, उसके कारणों का उल्लेख करते हुए लिखित रूप में, कुलाधिपति से रजिस्ट्रार को पद से हटाए जाने का अनुरोध कर सकेगा।

परन्तु यह कि इस उप-धारा के तहत कोई कार्रवाई करने से पहले, रजिस्ट्रार को अपनी बात रखने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

20. डीन और डायरेक्टर/विभागाध्यक्ष

I. डीन:-

1. डीन, फैकल्टी या सेंटर का शैक्षणिक प्रमुख होगा और वह शैक्षणिक नेतृत्व, समन्वयन और शिक्षण, अनुसंधान एवं शैक्षणिक प्रशासन के मानक को बनाए रखने के लिए उत्तरदायी होगा।

2. डीन का चयन सामान्य रूप से कुलपति द्वारा उस उद्देश्य के लिए गठित चयन समिति की अनुसंशा पर या विश्वविद्यालय के परिनियम या विनियमों द्वारा निर्धारित ऐसे किसी अन्य प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।

3. फैकल्टी के प्रत्येक डीन की नियुक्ति कुलपति द्वारा फैकल्टी के प्रोफ़ेसरों में से बारी-बारी से (रोटेशन के आधार पर) दो वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा।

परन्तु यह कि यदि किसी स्कूल या फैकल्टी में केवल एक प्रोफ़ेसर है या कोई प्रोफ़ेसर नहीं है, तो डीन की नियुक्ति, उस समय के लिए, फैकल्टी में विद्यमान प्रोफ़ेसर, यदि कोई हो, और एसोसिएट प्रोफ़ेसरों में से किया जाएगा।

4. चयन समिति योग्य उम्मीदवारों की उपयुक्तता का आकलन शैक्षणिक योग्यता-क्रम, शिक्षण और अनुसंधान के अनुभव, प्रशासनिक क्षमता, नेतृत्व के गुणों और निष्ठा के आधार पर करेगी।

5. जब डीन का पद रिक्त हो या जब डीन बीमारी, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से अपने पद के कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ हो, तो पद के कर्तव्यों का निर्वहन वरिष्ठतम प्रोफ़ेसर या एसोसिएट प्रोफ़ेसर, जैसा भी मामला हो, के द्वारा किया जाएगा।

6. डीन, फैकल्टी या सेंटर का प्रमुख होगा और स्कूल या फैकल्टी या सेंटर में शिक्षण एवं अनुसंधान के मानक को बनाए रखने और उनके संचालन के लिए उत्तरदायी होगा और उसके पास ऐसे अन्य कार्य भी होंगे जो निजी विश्वविद्यालय के विनियमों द्वारा निर्धारित किए जाएंगे।

7. डीन को फैकल्टी या सेंटर की समितियों, जैसा भी मामला हो, की किसी भी बैठक में शामिल होने और बोलने का अधिकार होगा, लेकिन उसे वोट देने का अधिकार तब तक नहीं होगा जब तक कि वह उस समिति का सदस्य न हों।

8. डीन निम्नलिखित कार्यों के लिए उत्तरदायी होंगे—

(a) फैकल्टी की शैक्षणिक आयोजना एवं विकास;

(b) डिपार्टमेंट्स और शैक्षणिक कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण एवं समन्वयन कार्य;

(c) शैक्षणिक नीतियों, परिनियमों(Statutes), अध्यादेशों और विनियमों को लागू करना;

(d) अनुसंधान, नवाचार, कंसल्टेंसी और शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देना;

(e) अनुशासन बनाए रखना, क्वालिटी सुनिश्चित करना और एकेडमिक स्टैंडर्ड्स बनाए रखना;

(f) विश्वविद्यालय की आवश्यकतानुसार शैक्षणिक रिपोर्ट, विकास आयोजना और अन्य दस्तावेज़ तैयार करना; एवं

(g) ऐसे अन्य कार्य करना जो कुलपति द्वारा सौंपे जाएं या विश्वविद्यालय के परिनियमों या विनियमों में निर्धारित किए गए हों।

II. **निदेशक/ विभागाध्यक्ष (Head of Departments):-**

a. निदेशक, संबंधित संस्थान, सेंटर, निदेशालय, कैंपस, स्कूल या यूनिट के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक प्रमुख होंगे और वह कुलपति की पर्यवेक्षण, निर्देशन एवं नियंत्रण में कार्य करेंगे।

b. प्रत्येक निदेशक की नियुक्ति कुलपति द्वारा फैकल्टी के प्रोफ़ेसरों में से रोटेशन के आधार पर दो वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी;

परन्तु यह कि यदि किसी स्कूल या फैकल्टी में केवल एक प्रोफ़ेसर है या कोई प्रोफ़ेसर नहीं है, तो निदेशक की नियुक्ति कुछ समय के लिए फैकल्टी के प्रोफ़ेसर,यदि कोई हो, तथा एसोसिएट प्रोफ़ेसरों में से की जाएगी।

c. जहां निदेशक का पद खाली हो, या जहां निदेशक बीमारी, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से पद के कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ हो, वहां कुलपति, निदेशक के कार्यों को पूरा करने के लिए किसी उपयुक्त व्यक्ति को नियुक्त कर सकते हैं, जब तक कि नियमित व्यवस्था न हो जाए।

d. डायरेक्टर को संबंधित स्कूल, सेंटर, संस्थान, निदेशालय या यूनिट से जुड़ी समितियों या निकायों की किसी भी बैठक में उपस्थित रहने और बोलने का अधिकार होगा, लेकिन उन्हें वहां वोट देने का अधिकार नहीं होगा, जब तक कि वे उसके सदस्य न हो।

e. निदेशक का चयन कुलपति द्वारा, इस प्रयोजन हेतु गठित चयन समिति की अनुशंसा पर या विश्वविद्यालय के परिनियमों या विनियमों में निर्धारित तरीके से किया जाएगा।

f. चयन समिति शैक्षणिक योग्यता, वृत्तिक सक्षमता, प्रशासनिक अनुभव, नेतृत्व क्षमता और संबंधित क्षेत्र में विशेषज्ञता पर विचार करेगी।

g. निदेशक निम्नलिखित कार्यों के लिए उत्तरदायी होंगे—

i. संबंधित यूनिट का प्रशासन और प्रबंधन;

ii. विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक, वित्तीय और नीतिगत निर्णयों को लागू करना;

iii. शिक्षण, प्रशिक्षण, अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास, परामर्श और आउटरीच गतिविधियों को बढ़ावा देना;

iv. विकास आयोजनाओं, बजट और वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना और उन्हें लागू करना;

v. सांविधिक निकायों, विनियामक प्राधिकरण, उद्योग एवं अन्य संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित करना;

vi. अनुशासन, गुणवत्ता के मानकों और संचालन दक्षता को बनाए रखना;

vii. यूनिट से जुड़े फैकल्टी, कर्मचारियों एवं छात्रों का पर्यवेक्षण करना; और

viii. ऐसे अन्य कार्य करना जो कुलपति द्वारा सौंपे जाएं या विश्वविद्यालय के परिनियमों या विनियमों द्वारा विनिर्दिष्ट किए गए हो।

21. वित्त अधिकारी/ लेखा अधिकारी: -

1. वित्त अधिकारी/ लेखा अधिकारी की नियुक्ति के लिए गठित चयन समिति की अनुशंसा पर कार्यकारी परिषद द्वारा इनकी नियुक्ति की जाएगी और वह निजी विश्वविद्यालय के पूर्णकालिक वेतनभोगी अधिकारी होंगे।

   परन्तु यह कि वित्त अधिकारी 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर सेवानिवृत/ रिटायर हो जाएंगे।

2. वित्त अधिकारी का वेतन/परिलब्धियाँ और सेवा की अन्य शर्तें वही होगी जैसा कि कार्यकारी परिषद द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाएगा ।

3. जब वित्त अधिकारी का पद रिक्त हो या जब वित्त अधिकारी बीमारी, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से अपने पद के कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ हों, तो उस पद के कर्तव्यों का निर्वहन वह व्यक्ति करेगा जिसे कुलपति इस प्रयोजन के लिए नियुक्त करते हैं ।

4. वित्त अधिकारी, वित्त समिति के पदेन-सचिव होंगे।

5. वित्त अधिकारी –

a. निजी विश्वविद्यालय के निधि की सामान्य पर्यवेक्षण करेंगे और विश्वविद्यालय को उसके वित्तीय नीति के बारे में सुझाव देंगे; और

b. ऐसे अन्य वित्तीय कार्य करेगा जो उसे कार्यकारी परिषद द्वारा सौंपे जाएं या जो निजी विश्वविद्यालय के नियमों द्वारा निर्धारित किए जाएंगे ।

6. कार्यकारी परिषद के नियंत्रण में रहते हुए वित्त अधिकारी निम्नलिखित कार्य करेंगे –

a. यह सुनिश्चित करेगा कि एक वर्ष के लिए आवर्ती (recurring) और गैर-आवर्ती (non-recurring) खर्चों के लिए कार्यकारी परिषद द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक खर्च न हो और सभी धनराशि उसी उद्देश्य के लिए खर्च की जाए जिसके लिए वे मंजूर या आबंटित की गई हैं;

b. निजी विश्वविद्यालय के वार्षिक लेख और बजट को तैयार करने और उन्हें कार्यकारी परिषद के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी होगा;

c. नकदी और बैंक बैलेंस की स्थिति तथा निवेश की स्थिति पर लगातार नज़र रखना ;

d. राजस्व वसूली की प्रगति पर नज़र रखना एवं वसूली के तरीकों पर सलाह देना ;

e. यह सुनिश्चित करेगा कि भवनों, भूमि, फर्नीचर और उपकरणों के रजिस्टर का रखरखाव किया जाए और अद्यतन (up-to-date) हों और सभी कार्यालयों, विभागों, स्कूलों, संकायों, केंद्रों और विशेष प्रयोगशालाओं में उपकरणों तथा अन्य उपभोज्य सामग्रियों की स्टॉक-चेकिंग की जा रही है ;

f. अनधिकृत खर्च और अन्य वित्तीय अनियमितताओं को कुलपति की सूचना में लाना और दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का सुझाव देना ;

g. निजी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किसी भी कार्यालय, विभाग, स्कूल, संकाय, सेंटर, प्रयोगशाला आदि से कोई भी जानकारी या विवरण प्राप्त करना, जिसका वह अपने कर्तव्यों के पालन के लिए आवश्यक समझे ; और

h. कुलपति के निर्देशन में कार्य करना और वह कुलपति के माध्यम से कार्यकारी परिषद के प्रति उत्तरदायी होगा।

22. परीक्षा नियंत्रक:-

(1) परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति, इस कार्य के लिए गठित चयन समिति की अनुशंसा पर कार्यकारी परिषद द्वारा की जाएगी और वह निजी विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक वेतनभोगी अधिकारी होगा/होगी।

(2) परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति 03 वर्ष के कार्यकाल के लिए की जाएगी और वह अगले कार्यकाल के लिए फिर से नियुक्ति का पात्र होगा/होगी।

(3) परीक्षा नियंत्रक का परिलब्धियाँ और सेवा की अन्य निबंधन एवं शर्तें वही होगी जैसा कि कार्यकारी परिषद द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाएगा ।

(4) जब परीक्षा नियंत्रक का पद रिक्त हो या जब परीक्षा नियंत्रक बीमारी, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से अपने पद के कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ हो, तो उस पद के कर्तव्यों का पालन वह व्यक्ति करेगा जिसे कुलपति इस कार्य के लिए नियुक्त करेगा।

(5) परीक्षा नियंत्रक, निजी विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के लिए व्यवस्था करेगा और उसका पर्यवेक्षण उस तरीके से करेगा, जैसा कि निजी विश्वविद्यालय के विनियमों में विनिर्दिष्ट किया गया है ।

(6) परीक्षा नियंत्रक, शैक्षणिक परिषद का स्थायी आमंत्रित सदस्य होगा।

(7) परीक्षा नियंत्रक यह सुनिश्चित करेगा कि परीक्षा और मूल्यांकन के संबंध में कार्यकारी परिषद, शैक्षणिक परिषद और कुलपति के सभी विशिष्ट निर्देशों का पालन किया गया है ।

23. अन्य अधिकारीगण :- निजी विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों की नियुक्ति का तरीका और उनकी शक्तियां एवं कर्तव्य वही होंगे, जैसाकि , विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

निजी विश्वविद्यालय के प्राधिकरण: -

(1) निजी विश्वविद्यालय के प्राधिकरण निम्नलिखित होंगे, अर्थात: -

a. शासी परिषद;

b. कार्यकारी परिषद;

c. शैक्षणिक परिषद;

d. वित्त समिति;

e. आयोजना बोर्ड; और

f. संकाय बोर्ड, प्रवेश समिति, परीक्षा समिति और ऐसे अन्य प्राधिकरण जो परिनियमों(Statutes) द्वारा बनाए जा सकते हैं, निजी विश्वविद्यालय के प्राधिकरण होंगे।

(2) शासी परिषद और कार्यकारी परिषद के नामित सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष के लिए होगा। किसी भी नामित सदस्य को लगातार दो कार्यकाल से अधिक के लिए नामित नहीं किया जा सकेगा।

24. शासी परिषद: -

(1) विश्वविद्यालय की शासी परिषद में निम्नलिखित शामिल होंगे, अर्थात : -

a. कुलाधिपति;

b. कुलपति;

c. प्रायोजक निकाय द्वारा नामित तीन प्रतिष्ठित व्यक्तियों में से कम-से-कम एक व्यक्ति ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद् होगा;

d. सरकार द्वारा भेजे गए छह नामों के पैनल में से विज़िटर द्वारा नामित किए गए तीन प्रतिष्ठित व्यक्ति; और

e. सरकार का एक प्रतिनिधि, जो उप-सचिव के पद से नीचे का न हो।

(2) कुलाधिपति, शासी परिषद का पदेन अध्यक्ष होगा।

(3) शासी परिषद विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राधिकरण होगी। विश्वविद्यालय की सभी चल एवं अचल संपत्ति शासी परिषद के अधीन होगी। शासी निकाय के पास निम्नलिखित शक्तियां होंगी, अर्थात;

a. इस विनियम या इसके तहत बनाए गए परिनियमों, अध्यादेशों, या विनियमों द्वारा प्रदत्त सभी शक्तियों का प्रयोग करके निजी विश्वविद्यालय के कामकाज की सामान्य पर्यवेक्षण करना, निर्देश देना और उसे नियंत्रित करना;

b. निजी विश्वविद्यालय के अन्य प्राधिकरणों के निर्णयों की समीक्षा करना, यदि वे इस विनियम या इसके तहत बनाए गए विनियमों, परिनियमों या अध्यादेशों के प्रावधानों के अनुरूप न हो तो ;

c. निजी विश्वविद्यालय की बजट एवं वार्षिक रिपोर्ट को मंज़ूरी देना;

d. निजी विश्वविद्यालय द्वारा अपनाई जाने वाली नीतियां निर्धारित करना;

e. यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाए कि निजी विश्वविद्यालय का सुचारु संचालन संभव न रह जाए, तो निजी विश्वविद्यालय के स्वैच्छिक परिसमापन (वॉलंटरी लिक्विडेशन) के संबंध में प्रायोजक निकाय को अनुशंसा करना; तथा

f. ऐसी अन्य शक्तियां जो परिनियमों द्वारा निर्धारित की जाएगी ।

(4) शासी परिषद की बैठक एक कैलेंडर वर्ष में कम से कम तीन बार होगी।

(5) शासी परिषद की बैठकों के लिए कोरम पांच (5) होगा।

25. कार्यकारी परिषद: –

(1) कार्यकारी परिषद निजी विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी संस्था होगी।

(2) कार्यकारी परिषद में दस से अधिक सदस्य नहीं होंगे, जो इस प्रकार होंगे : -

a. कुलपति;

b. प्रायोजित निकाय द्वारा नामित दो प्रतिनिधि;

c. संघ राज्यक्षेत्र अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह की प्रशासन द्वारा नामित दो प्रतिनिधि;

d. रोटेशन के आधार पर निजी विश्वविद्यालय के दो वरिष्ठतम प्रोफेसर; और

e. उप-धारा (2)(d) में विनिर्दिष्ट व्यक्तियों के अलावा, रोटेशन के आधार पर निजी विश्वविद्यालय के दो वरिष्ठतम शिक्षक

(3) कुलपति, कार्यकारी परिषद का पदेन अध्यक्ष होंगे।

(4) कार्यकारी परिषद की बैठक प्रत्येक दो माह में कम से कम एक बार होगी।

(5) कार्यकारी परिषद की बैठकों के लिए कोरम पांच (5) होगा।

(6) कार्यकारी परिषद के पास निजी विश्वविद्यालय की प्रबंधन एवं प्रशासन की शक्तियां होगी।

(7) कार्यकारी परिषद्, निजी विश्वविद्यालय के प्रत्येक विषय, जिसमें शैक्षणिक, प्रशासनिक, कार्मिक, वित्तीय तथा विकास संबंधी विषय सम्मिलित हैं, के संबंध में निजी विश्वविद्यालय की अंतिम निर्णय लेने वाली निकाय होगी।

(8) निजी विश्वविद्यालय के इन विनियमों के प्रावधानों के अधीन रहते हुए, कार्यकारी परिषद् को उसमें निहित अन्य सभी शक्तियों के अतिरिक्त निम्नलिखित शक्तियाँ भी प्राप्त होंगी, अर्थात्:—

a. इस उद्देश्य के लिए गठित चयन समिति की अनुशंसा पर ऐसे प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष सहित अन्य शैक्षिक कर्मचारियों को नियुक्त करना, जैसा आवश्यक हो, और इनकी अस्थायी रिक्तियों को भरना;

b. निजी विश्वविद्यालय के विनियमों के अनुसार संस्थान के कर्मचारियों के बीच अनुशासन को बनाए रखना और लागू करना।

c. आगंतुक प्रोफेसरों , एमेरिटस प्रोफेसरों , प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस , परामर्शदाताओं , विद्वानों आदि की नियुक्ति का प्रावधान करना तथा ऐसी नियुक्तियों के नियम एवं शर्तों का निर्धारण करना;

d. निजी विश्वविद्यालय के विनियमों द्वारा उस पर प्रदत्त अथवा अधिरोपित की गई अन्य ऐसी शक्तियों का प्रयोग करना तथा ऐसे अन्य कर्तव्यों का निर्वहन करना, जैसा कि उन विनियमों में प्रवधानित किया गया हो।

e. निजी विश्वविद्यालय के लिए विनियम बनाना; और

26. शैक्षणिक परिषद:-

(1) शैक्षणिक परिषद् निजी विश्वविद्यालय की प्रमुख शैक्षणिक निकाय होगी तथा यह, इस विनियम, परिनियमों, अध्यादेशों एवं इनके अधीन बनाए गए विनियमों के उपबंधों के अधीन रहते हुए, निजी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक नीतियों का समन्वय करेगी तथा उन पर सामान्य अधीक्षण का प्रयोग करेगी।

(2) शैक्षणिक परिषद का गठन इस प्रकार होगा—

i. कुलपति – अध्यक्ष;

ii. सम-कुलपति (जहाँ लागू हो);

iii. संकायों के डीन , विद्यालयों के डीन तथा विभागों अथवा केंद्रों के निदेशक/विभागाध्यक्ष;

iv. रोटेशन के आधार पर अधिक से अधिक 02 प्रोफ़ेसर (उन लोगों को छोड़कर जो स्कूलों के डीन और विभागों या सेंटरों के निदेशक हैं), जिन्हें अलग-अलग स्कूलों या विभागों या सेंटरों के प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए कुलपति द्वारा नामित किया जाएगा;

v. रोटेशन के आधार पर अधिक से अधिक 02 एसोसिएट प्रोफ़ेसर, जो विभागों या सेंटरों के प्रमुख नहीं हैं, जिन्हें कुलपति द्वारा नियुक्त किया जाएगा;

vi. रोटेशन के आधार पर अधिक से अधिक 02 असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, जो विभागों या सेंटरों के प्रमुख नहीं हैं, जिन्हें कुलपति द्वारा नियुक्त किया जाएगा;

vii. शिक्षाविदों या विशेषज्ञों में से अपनी विशिष्ट ज्ञान के लिए प्रसिद्ध 02 व्यक्ति, जो निजी विश्वविद्यालय की सेवा में नहीं हैं, जिन्हें कुलपति द्वारा नामित किया जाएगा; और

viii. रजिस्ट्रार, जो शैक्षणिक परिषद के पदेन सचिव होंगे।

(3) अलग-अलग श्रेणी के प्रतिनिधित्व को रोटेशन द्वारा चुना जाएगा, न कि चुनाव के माध्यम से । पदेन सदस्यों को छोड़कर शेष सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। परीक्षा नियंत्रक, शैक्षणिक परिषद की बैठकों में स्थायी आमंत्रित सदस्य होंगे।

(4) निजी विश्वविद्यालय के इन विनियमों के प्रावधानों के अधीन, शैक्षणिक परिषद के पास अपनी अन्य सभी शक्तियों के अलावा निम्नलिखित शक्तियां भी होंगी:—

a. निजी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक नीतियों की सामान्य पर्यवेक्षण करना और शिक्षण के तरीकों, विभागों या फैकल्टी या स्कूलों या सेंटरों के बीच शिक्षण के तालमेल, अनुसंधान के मूल्यांकन और शैक्षणिक मानकों में सुधार के बारे में निर्देश देना;

b. अंतर-विभाग, अंतर-फैकल्टी, अंतर-स्कूल और अंतर-सेंटर तालमेल को बढ़ावा देना और इसके लिए आवश्यक समितियां/बोर्ड्स स्थापित या नियुक्त करना;

c. सामान्य शैक्षणिक हित के मामलों पर स्वयं पहल करके या किसी विभाग, फैकल्टी, स्कूल, सेंटर या कार्यकारी परिषद के संदर्भ पर विचार करना और उन पर उचित कार्रवाई करना;

d. प्राइवेट यूनिवर्सिटी की डिग्री और डिप्लोमा के लिए कोर्स या पढ़ाई के प्रोग्राम तय करना;

e. निजी विश्वविद्यालय के नियमों और उप-नियमों के अनुसार परीक्षाएं आयोजित करने की व्यवस्था करना;

f. परीक्षा के उचित मानक को बनाए रखना;

g. विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों के डिप्लोमा और डिग्री को मान्यता देना और निजी विश्वविद्यालय के डिप्लोमा और डिग्री के साथ उनकी समानता निर्धारित करना;

h. फेलोशिप, स्कॉलरशिप, मेडल, पुरस्कार आदि शुरू करना;

i. निजी विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कामकाज, दाखिला, परीक्षाओं, फेलोशिप और स्टूडेंटशिप देने, फ्री-शिप, रियायत, अटेंडेंस, अनुशासन, रेजिडेंस आदि से जुड़े नियम बनाना;

j. विभागों या सेंटरों की गतिविधियों की समय-समय पर समीक्षा करना और शिक्षण के मानक को बनाए रखने और बेहतर बनाने के लिए उचित कार्रवाई करना;

k. कार्यकारी परिषद को शिक्षण पद (प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर) सृजित करने की अनुशंसा करना;

l. कार्यकारी परिषद को विभाग, सेंटर, स्कूल या फैकल्टी आदि स्थापित या समाप्त करने की अनुशंसा करना;

m. कार्यकारी परिषद को अनुशंसा करना;

n. निजी विश्वविद्यालय के नियमों के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करना तथा उसे सौंपे गए अन्य कर्तव्यों का पालन करना;

o. शैक्षणिक परिषद की बैठक आवश्यकता के अनुसार होगी, लेकिन एक शैक्षणिक वर्ष में कम से कम चार बार (एक सेमेस्टर में कम से कम दो बार) बैठक होनी चाहिए। प्रत्येक बैठक से कम से कम सात दिन पहले इसकी सूचना दी जानी चाहिए। आपातकालीन बैठकें, आकस्मिक सूचना पर भी बुलाई जा सकती हैं, लेकिन ऐसी आपातकालीन बैठक बुलाने का कारण लिखित रूप में अभिलिखित किया जाना चाहिए;

p. शैक्षणिक परिषद की बैठक के लिए कोरम (बैठक के लिए आवश्यक सदस्यों की न्यूनतम संख्या) कुल सदस्यों की संख्या का एक-तिहाई होगा;

q. प्रत्येक सदस्य, जिसमें अध्यक्ष भी शामिल हैं, का एक वोट होगा। शैक्षणिक परिषद की बैठकों में निर्णय साधारण बहुमत से लिए जाएंगे। यदि वोट बराबर (टाई) हो जाते हैं, तो अध्यक्ष का वोट निर्णायक (कास्टिंग वोट) होगा; और

r. शैक्षणिक परिषद के लिए आवश्यक कोई भी कार्य, जो तात्कालिक प्रकृति का हो, सदस्यों के बीच परिचालित करके निपटाया जा सकता है।

27. वित्त समिति :-

(1) वित्त समिति, किसी निजी विश्वविद्यालय का मुख्य वित्तीय संस्था होगी जो वित्तीय मामलों को देखेगी।

(2) वित्त समिति का गठन इस प्रकार होगा:-

i. कुलपति – अध्यक्ष;

ii. सम-कुलपति (जहाँ लागू हो);

iii. सोसायटी, ट्रस्ट या कंपनी, जैसा भी मामला हो, द्वारा नामित एक व्यक्ति, (जहाँ लागू हो);

iv. कार्यकारी परिषद द्वारा नामित किए जाने वाले तीन व्यक्ति, जिनमें से कम से कम एक कार्यकारी परिषद का सदस्य होगा;

v. कुलाधिपति द्वारा नामित किए जाने वाले तीन व्यक्ति;

vi. वित्त अधिकारी- पदेन सचिव

(3) पदेन सदस्य के अलावा वित्त समिति के सभी सदस्य तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए पद पर बने रहेंगे।

(4) वित्त समिति एक शैक्षणिक वर्ष में कम से कम चार बार (प्रत्येक सेमेस्टर में कम से कम दो बार) बैठक का आयोजन करेगी ताकि लेखाओं की जांच की जा सके और खर्च के प्रस्तावों की समीक्षा की जा सके; वित्त समिति के कुल सदस्यों में से एक-तिहाई सदस्य के बैठक में भाग लेने से कोरम (न्यूनतम आवश्यक संख्या) पूरी होगी ।

(5) पद सृजन से संबंधित सभी प्रस्ताव और वे मदें जो बजट में शामिल नहीं किए गए हैं, उन पर कार्यकारी परिषद द्वारा विचार करने से पहले वित्त समिति द्वारा जांच की जाएगी। साथ ही शुल्क में छूट, स्कॉलरशिप की व्यवस्था, फ्री-शिप और किसी भी अन्य वित्तीय लाभ के बारे में निर्णय लेने के लिए भी ऐसा किया जाएगा।

(6) वित्त अधिकारी द्वारा तैयार किए गए निजी विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखा और वित्तीय प्राक्कलन पर विचार और इस पर टिप्पणी देने के लिए वित्त समिति के समक्ष रखे जाएंगे और उसके पश्चात उन्हें मंजूरी के लिए कार्यकारी परिषद को सौंपा जाएगा।

(7) वित्त समिति, निजी विश्वविद्यालय की आय और संसाधनों के आधार पर एक वर्ष के लिए कुल आवर्ती (recurring) और गैर-आवर्ती (non-recurring) खर्चों की सीमा की अनुशंसा करेगी।

28. आयोजना बोर्ड: -

(1) आयोजना बोर्ड निजी विश्वविद्यालय की मुख्य आयोजना संस्था होगी । आयोजना बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि अवसंरचनात्मक सुविधाएं तथा शैक्षणिक सहायक प्रणाली, विनियामक निकायों द्वारा निर्धारित मानदंडों को पूरा करता है ।

(2) आयोजना बोर्ड, निजी विश्वविद्यालय का मुख्य आयोजना संस्था होगी और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और अन्य नियामक निकायों द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार विश्वविद्यालय के अवसंरचनात्मक सुविधाएं और शैक्षणिक सहायक प्रणाली के व्यवस्थित विकास को सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(3) आयोजना बोर्ड विशेष रूप से विश्वविद्यालय के प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक शैक्षणिक अवसंरचना, प्रशासनिक अवसंरचना, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, छात्रावासों, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी सुविधाओं, अनुसंधान सुविधाओं तथा अन्य सहायक प्रणालियों के नियोजन, विकास, अनुरक्षण एवं उन्नयन का पर्यवेक्षण करेगा।

(4) आयोजना बोर्ड में निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात्:–

a. कुलपति — अध्यक्ष;

b. सम -कुलपति, यदि कोई हो — सदस्य;

c. रजिस्ट्रार /कुल सचिव — सदस्य-सचिव;

d. वित्त अधिकारी — सदस्य;

e. शैक्षणिक मामलों के डीन — सदस्य;

f. कुलपति द्वारा नामित निदेशक/विभागाध्यक्ष — सदस्य;

g. कुलाधिपति द्वारा नामित उच्च शिक्षा आयोजना एवं विकास का एक विशेषज्ञ — सदस्य;

h. प्रायोजक निकाय द्वारा नामित अवसंरचना, अभियांत्रिकी अथवा परियोजना प्रबंधन का एक विशेषज्ञ — सदस्य;

I. प्रायोजक निकाय का एक प्रतिनिधि — सदस्य; तथा

j. ऐसे अन्य सदस्य, जो परिनियम द्वारा निर्धारित किए जाएगा — सदस्य ।

(5) आयोजना बोर्ड के नामित सदस्य तीन वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेंगे तथा एक अतिरिक्त कार्यकाल के लिए पुनः नामित होने के पात्र होंगे।

(6) आयोजना बोर्ड विश्वविद्यालय की विकास आयोजनाओं तथा अवसंरचना संबंधी आवश्यकताओं पर विचार करने के लिए वर्ष में कम-से-कम दो बार अथवा आवश्यकता होने पर उससे अधिक बार बैठक करेगा।

(7) आयोजना बोर्ड की बैठक के लिए उसके कुल सदस्यों का एक-तिहाई भाग गणपूर्ति (कोरम) होगा।

(8) आयोजना बोर्ड की शक्तियों एवं कार्यों में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे, अर्थात्:–

a. विश्वविद्यालय की अवसंरचना तथा शैक्षणिक सहायता प्रणाली के विकास हेतु अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक आयोजनाएँ तैयार करना;

b. कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, छात्रावासों, अनुसंधान केंद्रों, खेल सुविधाओं, डिजिटल अवसंरचना तथा अन्य शैक्षणिक सहायता सेवाओं से संबंधित आवश्यकताओं का आकलन करना;

c. विश्वविद्यालय में अवसंरचना सुविधाओं की स्थापना, विस्तार, आधुनिकीकरण एवं अनुरक्षण की सिफारिश करना;

d. पर्याप्त शैक्षणिक संसाधनों, शिक्षण सामग्री, प्रौद्योगिकी-समर्थित शिक्षण सुविधाओं तथा छात्र सहायता प्रणालियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना;

e. विधिक एवं विनियामक प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप अवसंरचना एवं सहायता सेवाओं की पर्याप्तता एवं गुणवत्ता की समीक्षा करना;

f. अवसंरचना विकास हेतु वित्तीय एवं भौतिक संसाधनों के जुटाव तथा उनके इष्टतम उपयोग के संबंध में विश्वविद्यालय को परामर्श देना;

g. पर्यावरणीय रूप से संधारणीय , समावेशी एवं प्रौद्योगिकी-आधारित कैंपस विकास को प्रोत्साहित करना;

h. विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित अवसंरचना परियोजनाओं एवं शैक्षणिक विकास आयोजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करना; तथा

I. ऐसे अन्य कर्तव्यों का निर्वहन करना, जो प्रबंधन मंडल द्वारा सौंपे जाएंगे अथवा परिनियमों द्वारा निर्धारित किए जाएँगे ।

9. आयोजना बोर्ड अवसंरचना आयोजना , शैक्षणिक संसाधन विकास, गुणवत्ता संवर्धन तथा अन्य संबंधित विषयों के लिए समितियाँ, विशेषज्ञ समूह अथवा सलाहकार पैनल गठित कर सकेगा।

10. आयोजना बोर्ड की संरचना, शक्तियाँ, बैठक संचालन की प्रक्रिया तथा उससे संबंधित अन्य विषय ऐसे होंगे, जो परिनियमों द्वारा निर्धारित किए जाएंगे ।

29. निजी विश्वविद्यालय के संकाय बोर्ड, प्रवेश समिति, परीक्षा समिति तथा अन्य प्राधिकरण:— निजी विश्वविद्यालय के संकाय बोर्डों, प्रवेश समिति, परीक्षा समिति तथा ऐसे अन्य प्राधिकरणों की संरचना, शक्तियाँ एवं कार्य ऐसे होंगे, जो परिनियमों में निर्धारित किए जाएँगे ।

A. संकाय बोर्ड:—

1. निजी विश्वविद्यालय के प्रत्येक संकाय के लिए एक संकाय बोर्ड होगा।

2. संकाय बोर्ड में निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात्:—

(a) संबंधित संकाय के डीन — अध्यक्ष;
(b) संबंधित संकाय के अधीन निदेशक/विभागाध्यक्ष — सदस्य;
(c) कुलपति द्वारा नामित संकाय के दो वरिष्ठ शिक्षक — सदस्य;
(d) कुलाधिपति द्वारा नामित विश्वविद्यालय के बाहर का एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् — सदस्य; तथा
(e) ऐसे अन्य सदस्य, जो परिनियमों द्वारा निर्धारित किए जाएँगे — सदस्य

3. संकाय बोर्ड के नामित सदस्य तीन वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेंगे तथा एक अतिरिक्त कार्यकाल के लिए पुनः नामांकन के पात्र होंगे।

4. संकाय बोर्ड निम्नलिखित शक्तियों का प्रयोग करेगा तथा निम्नलिखित कर्तव्यों का निर्वहन करेगा, अर्थात्:—

(a) संकाय के विभिन्न कार्यक्रमों हेतु पाठ्यक्रम, पाठ्यचर्या तथा पाठ्य-विषय (सिलेबस) की सिफारिश करना;

(b) संकाय के अंतर्गत शिक्षण, अनुसंधान, प्रशिक्षण, नवाचार तथा शैक्षणिक विकास को प्रोत्साहित करना;

(c) संकाय के अंतर्गत नए विभागों, केंद्रों, पाठ्यक्रमों एवं कार्यक्रमों की स्थापना की सिफारिश करना;

(d) संकाय के अधीन विभागों की शैक्षणिक गतिविधियों का समन्वय एवं पर्यवेक्षण करना; तथा

(e) ऐसे अन्य कृत्यों का निर्वहन करना, जो शैक्षणिक परिषद द्वारा सौंपे जाएँ अथवा परिनियमों द्वारानिर्धारित किए जाएँगे ।

B. प्रवेश समिति:—

1. निजी विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं अध्ययन कार्यक्रमों में प्रवेश को विनियमित करने के लिए एक प्रवेश समिति का गठन किया जाएगा।

2. प्रवेश समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात्:—

(a) कुलपति अथवा उनका नामित प्रतिनिधि — अध्यक्ष;

(b) रजिस्ट्रार — सदस्य-सचिव;

(c) शैक्षणिक मामलों के डीन — सदस्य;

(d) प्रायोजक निकाय का एक प्रतिनिधि — सदस्य; तथा

(e) ऐसे अन्य सदस्य, जो परिनियमों द्वारा निर्धारित किए जाएंगे — सदस्य।

3. प्रवेश समिति के नामित सदस्य तीन वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेंगे।

4. प्रवेश समिति निम्नलिखित शक्तियों का प्रयोग करेगी तथा निम्नलिखित कर्तव्यों का निर्वहन करेगी, अर्थात्:—

(a) विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया का विनियमन एवं पर्यवेक्षण करना;

(b) यह सुनिश्चित करना कि प्रवेश निष्पक्ष, पारदर्शी, योग्यता-आधारित एवं भेदभाव-रहित ढंग से किया

जा रहा है ;

(c) अभ्यर्थियों की पात्रता शर्तों तथा प्रवेश अभिलेखों का सत्यापन करना;

(d) इस अधिनियम, नियमों, विनियमों तथा विनियामक प्राधिकरणों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करना;

(e) प्रवेश से संबंधित शिकायतों एवं विवादों पर विचार करना एवं उनका निपटान करना; तथा

(f) ऐसे अन्य कर्तव्यों का निर्वहन करना, जो विश्वविद्यालय प्राधिकारियों द्वारा सौंपे गए अथवा परिनियमों द्वारा निधारित किए गए हो।

C. परीक्षा समितिः—

1. निजी विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं के पर्यवेक्षण एवं विनियमन हेतु एक परीक्षा समिति का गठन किया जाएगा।

2. परीक्षा समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात्:—

(a) परीक्षा नियंत्रक — अध्यक्ष;

(b) रजिस्ट्रार — सदस्य;

(c) कुलपति द्वारा नामित डीन — सदस्य;

(d) कुलपति द्वारा नामित दो वरिष्ठ शिक्षक — सदस्य; तथा

(e) ऐसे अन्य सदस्य, जो परिनियमों द्वारा निर्धारित किए जाएंगे — सदस्य ।

3. परीक्षा समिति के नामित सदस्य तीन वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेंगे।

4. परीक्षा समिति निम्नलिखित शक्तियों का प्रयोग करेगी तथा निम्नलिखित कर्तव्यों का निर्वहन करेगी, अर्थात्:—

(a) विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के संचालन का पर्यवेक्षण एवं विनियमन ;

(b) प्रश्नपत्रों के उचित निर्माण, संयोजन, अभिरक्षा तथा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को सुनिश्चित करना;

(c) परीक्षा परिणामों की समयबद्ध घोषणा एवं प्रकाशन सुनिश्चित करना;

(d) परीक्षा प्रणाली में गोपनीयता, निष्ठा एवं अनुशासन बनाए रखना;

(e) परीक्षाओं में अनुचित साधनों एवं अनियमितताओं की रोकथाम हेतु उपायों की सिफारिश करना;

(f) शैक्षणिक अभिलेखों एवं परीक्षा संबंधी दस्तावेजों का रखरखाव करना; तथा

(g) ऐसे अन्य कर्तव्यों का निर्वहन करना, जो शैक्षणिक परिषद द्वारा सौंपे जाएँ अथवा परिनियमों द्वारा निर्धारित किए जाएंगे ।

D. अन्य प्राधिकरण एवं समितियाँ :–

1. निजी विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय के प्रभावी प्रशासन तथा शैक्षणिक शासन के लिए आवश्यक समझे जाने वाले ऐसे अन्य प्राधिकरणों , समितियों, परिषदों, बोर्डों अथवा निकायों का गठन कर सकेगा।

2. ऐसे प्राधिकरणों एवं समितियों में अनुसंधान परिषद्, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, छात्र कल्याण समिति, शिकायत निवारण समिति, रैगिंग-निरोधी समिति, पुस्तकालय समिति, छात्रावास समिति, आचार समिति, लैंगिक उत्पीड़न निवारण समिति तथा इस विनियम के प्रावधानों के अधीन अपेक्षित अन्य ऐसे निकाय सम्मिलित हो सकेंगे।

30. परिनियम बनाने की शक्ति :–

(1) कार्यकारी परिषद्, प्रबंधन समिति के अनुमोदन के अधीन रहते हुए, इस विनियम के प्रयोजनों को क्रियान्वित करने के लिए परिनियम बनाएगी।

(2) इस विनियम के प्रावधानों के अधीन रहते हुए, परिनियमों में निम्नलिखित सभी अथवा इनमें से किसी भी विषय के संबंध में प्रावधान किए जा सकेंगे, अर्थात् :–

a. निजी विश्वविद्यालय का गठन, शक्तियाँ तथा प्राधिकरणों का कर्तव्य , जिनका समय-समय पर गठन किया जा सकता है;

b. उक्त प्राधिकरणों के सदस्यों की नियुक्ति तथा उनके पद पर बने रहने की अवधि, सदस्यों के रिक्त पदों में नियुक्ति तथा उन प्राधिकरणों से संबंधित अन्य सभी विषय, जिनके संबंध में प्रावधान किया जाना आवश्यक हो;

c. निजी विश्वविद्यालय के अधिकारियों की नियुक्ति, उनकी शक्तियाँ, कर्तव्य तथा उनकी परिलब्धियाँ;

d. निजी विश्वविद्यालय के शिक्षकों तथा अन्य शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कर्मचारियों की नियुक्ति तथा उनकी परिलब्धियाँ;

e. किसी संयुक्त परियोजना के क्रियान्वयन हेतु निजी विश्वविद्यालय अथवा किसी संस्था में कार्यरत शिक्षकों तथा अन्य शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कर्मचारियों की एक विनिर्दिष्ट अवधि के लिए नियुक्ति;

f. कर्मचारियों की सेवा की शर्तें, जिनमें सेवानिवृत्ति लाभ, बीमा तथा भविष्य निधि से संबंधित प्रवधान , सेवा को समाप्त करने की रीति तथा अनुशासनात्मक कार्रवाइयाँ सम्मिलित है;

g. कर्मचारियों की सेवा-वरिष्ठता को विनियमित करने वाले सिद्धांत;

h. कर्मचारियों अथवा विद्यार्थियों और निजी विश्वविद्यालय के मध्य उत्पन्न विवादों के निपटान की प्रक्रिया;

i. निजी विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी अथवा अन्य प्राधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई के विरुद्ध किसी कर्मचारी अथवा विद्यार्थी द्वारा कार्यकारी परिषद् के समक्ष अपील करने की प्रक्रिया;

j. मानद उपाधियों का प्रदान किया जाना;

k. डिग्री/उपाधि, डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र तथा अन्य शैक्षणिक विशिष्टताओं का प्रत्याहरण;

l. अध्येतावृत्तियों (Fellowships), छात्रवृत्तियों (Scholarships), विद्यार्थीवृत्ति (Studentships), पदकों तथा पुरस्कारों की स्थापना;

m. विद्यार्थियों के बीच अनुशासन बनाए रखना;

n. विभागों, केन्द्रों तथा अन्य संस्थानों की स्थापना तथा उनको समाप्त करना ;

o. निजी विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों अथवा अधिकारियों में निहित शक्तियों का प्रत्यायोजन; तथा

p. ऐसे अन्य सभी विषय, जिनका इस विनियम द्वारा प्रावधान किया जाना अपेक्षित हो अथवा किया जा सके।

(3) कार्यकारी परिषद किसी भी ऐसे परिनियम को, जो किसी निजी विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण की शक्तियों या गठन को प्रभावित करता हो, तब तक न तो बनाएगी, न संशोधित करेगी और न ही निरस्त करेगी, जब तक कि उस प्राधिकरण को प्रस्तावित परिवर्तनों पर लिखित रूप में अपनी राय

व्यक्त करने का अवसर प्रदान नहीं किया जाता, और इस प्रकार व्यक्त की गई किसी भी राय पर कार्यकारी परिषद द्वारा विचार किया जाएगा।

31. परिनियम कैसे बनाए जाएँ:-

(1) कार्यकारी परिषद समय-समय पर परिनियम बना सकती है तथा इस खंड में आगे दी गई प्रक्रिया के अनुसार परिनियमों में संशोधन या उन्हें निरस्त कर सकती है।

(2) कार्यकारी परिषद द्वारा पारित किसी परिनियम या किसी परिनियम में संशोधन अथवा उसके निरसन को प्रबंधन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जो उस पर सहमति दे सकती है या अपनी सहमति रोक सकती है। कार्यकारी परिषद द्वारा पारित किसी परिनियम या उसके संशोधन अथवा निरसन को तब तक कोई वैधता प्राप्त नहीं होगी जब तक उस पर प्रबंधन समिति की सहमति प्राप्त न हो जाए। परिनियमों की एक प्रति सूचना हेतु सरकार को भेजी जाएगी।

32. अध्यादेश तथा विनियम बनाने की शक्ति:-

इस विनियम तथा परिनियमों के प्रावधानों के अधीन, अध्यादेश एवं विनियम, प्रबंधन समिति द्वारा बनाए जाएँगे, जो प्रबंधन समिति के अनुमोदन के अधीन होंगे, और जिनमें निम्नलिखित सभी अथवा किसी एक या अधिक विषयों के संबंध में प्रावधान किए जा सकते हैं, अर्थात्:-

a. निजी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के प्रवेश तथा उनका नामांकन ।

b. निजी विश्वविद्यालय की सभी डिग्रियों / उपाधियों, डिप्लोमा तथा प्रमाणपत्रों के लिए निर्धारित किए जाने वाले अध्ययन पाठ्यक्रम।

c. शिक्षण तथा परीक्षा का माध्यम।

d. डिग्री/ उपाधि, डिप्लोमा, प्रमाणपत्र तथा अन्य शैक्षणिक विशिष्टताओं के प्रदान किए जाने, उनके लिए आवश्यक अर्हताओं तथा उनको प्रदान किए जाने एवं प्राप्त किए जाने से संबंधित विषय।

e. निजी विश्वविद्यालय में अध्ययन पाठ्यक्रमों के लिए तथा निजी विश्वविद्यालय की परीक्षाओं, डिग्रियों /उपाधियों, डिप्लोमाओं एवं प्रमाणपत्रों में प्रवेश हेतु लिए जाने वाले शुल्क ।

f. फेलोशिप, छात्रवृत्तियों, स्टूडेंटशिप, पदकों तथा पुरस्कारों को प्रदान किए जाने की शर्तें।

g. परीक्षाओं के संचालन के संबंध में, जिसमें परीक्षा निकायों, परीक्षकों तथा मॉडरेटरों के कार्यकाल, नियुक्ति की प्रक्रिया तथा उनके कर्तव्यों का निर्धारण भी सम्मिलित होगा।

h. निजी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के आवास/निवास की शर्तें।

i. यदि आवश्यक हो, तो निजी विश्वविद्यालय में छात्राओं के निवास, अनुशासन एवं शिक्षण के लिए किए जाने वाले विशेष प्रबंध तथा उनके लिए विशेष अध्ययन पाठ्यक्रम निर्धारित किया जाना ।

j. ऐसे कर्मचारियों की नियुक्ति तथा पारिश्रमिक/वेतन-भत्तों के संबंध में, जिनके लिए परिनियमों में प्रावधान नहीं किया गया है।

k. अध्ययन केंद्रों, अध्ययन मंडलों, अंतर्विषयी अध्ययन, विशेष केंद्रों, विशिष्ट प्रयोगशालाओं तथा अन्य समितियों की स्थापना।

l. अन्य विश्वविद्यालयों, प्राधिकरणों , विद्वत् निकायों अथवा संघों के साथ सहयोग एवं सहभागिता की प्रक्रिया।

m. ऐसे किसी अन्य निकाय के गठन, संरचना तथा कार्यों के संबंध में, जिसे निजी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति में सुधार हेतु आवश्यक समझा जाए।

n. परीक्षकों, मॉडरेटरों, परीक्षा निरीक्षकों तथा परिणाम संकलकों को देय पारिश्रमिक ।

o. शिक्षकों तथा अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की सेवा की ऐसी अन्य शर्तों एवं नियमों के संबंध में, जो परिनियमों द्वारा निर्धारित नहीं किए गए हैं।

33. अध्यादेश एवं विनियम कैसे बनाए जाएँ:-

(1) अध्यादेश एवं विनियम बनाते समय कार्यकारी परिषद प्रबंधन समिति से परामर्श करेगी।

(2) कार्यकारी परिषद द्वारा बनाए गए सभी अध्यादेश एवं विनियम उस तिथि से प्रभावी होंगे, जो कार्यकारी परिषद द्वारा निर्देशित की जाएगी।

34. वार्षिक रिपोर्ट (Annual Report):-

(1) निजी विश्वविद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट कार्यकारी परिषद के निर्देश पर तैयार किया जाएगा तथा उसे निर्धारित तिथि को या उसके पश्चात् शासी परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। शासी परिषद अपनी वार्षिक बैठक में उक्त रिपोर्ट पर विचार करेगी। वार्षिक रिपोर्ट के एक भाग में रिपोर्टिंग अवधि के दौरान इस विनियम के प्रावधानों के अनुपालन के संबंध में निजी विश्वविद्यालय द्वारा किए गए स्व-प्रकटीकरण सम्मिलित होंगे।

(2) शासी परिषद, वार्षिक रिपोर्ट को अपनी टिप्पणियों, यदि कोई हो , के साथ कुलाधिपति को प्रस्तुत करेगी।

(3) शासी परिषद से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरांत, कार्यकारी परिषद वार्षिक रिपोर्ट को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करेगी तथा उसकी एक प्रति संघ राज्यक्षेत्र (UT) सरकार को भी प्रेषित करेगी।

35. वार्षिक लेखे :–

(1) किसी निजी विश्वविद्यालय के वार्षिक लेखे तथा तुलन –पत्र/ बैलन्स शीट की तैयारी कार्यकारी परिषद् के निर्देशों के अधीन किया जाएगा तथा उनका, प्रत्येक वर्ष और पंद्रह माह में एक कम-से-कम बार के अंतराल पर, चार्टर्ड अकाउंटेंट विनियमन, 1949 (केंद्रीय विनियमन संख्या XXXVIII, 1949) के प्रावधानों के अनुसार लेखा-परीक्षण (Audit) करने के लिए पात्र किसी बाह्य, अनुभवी एवं अर्हताप्राप्त चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की फर्म द्वारा लेखा-परीक्षण कराया जाएगा।

(2) वार्षिक लेखों की एक प्रति, उस पर लेखा-परीक्षण रिपोर्ट सहित, कार्यकारी परिषद् की टिप्पणियों के साथ, अनुमोदन हेतु शासी परिषद् को प्रस्तुत की जाएगी।

36. कर्मचारियों की सेवा की शर्तें:–

(1) किसी निजी विश्वविद्यालय के प्रत्येक कर्मचारी की नियुक्ति अथवा सेवायोजन, परिनियमों के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती इस विनियम की धारा 4(5) के अनुसार की जाएगी।

(2) किसी निजी विश्वविद्यालय और किसी ऐसे कर्मचारी, जिसकी नियमित नियुक्ति की गई हो, के मध्य उत्पन्न किसी भी विवाद को कुलपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जो संदर्भ प्राप्त होने की तिथि से तीन माह के भीतर संबंधित कर्मचारी को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात् उस विवाद का निर्णय करेगा।

(3) व्यथित कर्मचारी कुलपति के निर्णय के विरुद्ध कुलाधिपति के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकेगा। ऐसी अपील पर कुलाधिपति का निर्णय अंतिम होगा।

(4) अस्थायी, तदर्थ, अंशकालिक अथवा आकस्मिक आधार पर नियुक्त किसी कर्मचारी से संबंधित किसी भी विवाद की सुनवाई तथा उसका अंतिम निर्णय संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा किया जाएगा।

37. निजी विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में प्रवेश तथा परीक्षाएँ :–

(1) किसी व्यक्ति को निजी विश्वविद्यालय की डिग्री, उपाधि अथवा डिप्लोमा के लिए आयोजित परीक्षाओं में प्रवेश हेतु किसी अध्ययन पाठ्यक्रम में तब तक प्रवेश नहीं दिया जाएगा, जब तक कि वह—

a. इसके लिए निर्धारित परीक्षा उत्तीर्ण न किया हो; तथा

b. निर्धारित की गई अन्य शैक्षणिक शर्तों को पूरा न करता/करती हो ।

(2) निजी विश्वविद्यालय की किसी परीक्षा के प्रत्येक अभ्यर्थी को, जब तक कि शैक्षणिक परिषद् की संस्तुति पर कार्यकारी परिषद् द्वारा पारित किसी विशेष आदेश के माध्यम से उसे इस उप-धारा के प्रावधानों से छूट न दी गई हो, निजी विश्वविद्यालय का सदस्य के रूप में नामांकित होना आवश्यक होगा। ऐसी किसी भी छूट को कार्यकारी परिषद् द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली शर्तों के अधीन प्रदान किया जा सकेगा।

(3) किसी भी अभ्यर्थी को निजी विश्वविद्यालय की किसी परीक्षा में तब तक सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक कि वह निजी विश्वविद्यालय का सदस्य के रूप में नामांकित न हो तथा उस परीक्षा के लिए अपेक्षित उपस्थिति संबंधी आवश्यकताओं को पूरा न करता हो; अथवा जब तक कि उसे शैक्षणिक परिषद् की संस्तुति पर कार्यकारी परिषद् द्वारा पारित आदेश के माध्यम से नामांकन, उपस्थिति अथवा दोनों संबंधी आवश्यकताओं से छूट न प्रदान की गई हो। इस धारा के अधीन प्रदान की गई प्रत्येक छूट कार्यकारी परिषद् द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली शर्तों के अधीन होगी।

(4) किसी परीक्षा के ऐसे छात्र अथवा अभ्यर्थी, जिसका नाम, , शैक्षणिक परिषद् अथवा परीक्षा नियंत्रक, जैसा भी मामला हो, के आदेश या संस्तुति द्वारा निजी विश्वविद्यालय की नामावली से हटा दिया गया हो तथा जिसे एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए परीक्षाओं में सम्मिलित होने से वंचित कर दिया गया हो, वह ऐसे आदेश की प्राप्ति की तिथि से दस दिनों के भीतर कुलपति के समक्ष अपील कर सकेगा।

(5) इस संबंध में कुलपति द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय अंतिम होगा।

38. कर्मचारियों का भविष्य निधि एवं पेंशन :–

किसी निजी विश्वविद्यालय को अपने कर्मचारियों के हितार्थ ऐसी पेंशन या कल्याणकारी योजनाएँ अथवा भविष्य निधि गठित करने या ऐसी बीमा योजनाएँ उपलब्ध कराने का अधिकार होगा, जिन्हें वह उपयुक्त समझे, और जो कार्यकारी परिषद् द्वारा निर्धारित रीति तथा शर्तों के अधीन हों।

39. प्राधिकरणों एवं निकायों के गठन संबंधी विवाद :–

यदि यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि किसी व्यक्ति को किसी निजी विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण अथवा अन्य निकाय का सदस्य विधिवत् नामित अथवा नियुक्त किया गया है या नहीं, अथवा वह उसका सदस्य होने का हकदार है या नहीं, तो ऐसे मामले को कुलाधिपति के समक्ष संदर्भित किया जाएगा, और उस पर कुलाधिपति का निर्णय अंतिम होगा।

40. समितियों का गठन :–

जहाँ इस विनियम अथवा परिनियमों के अधीन किसी निजी विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण को समितियों का गठन करने की शक्ति प्रदान की गई है, वहाँ ऐसी समितियाँ, जब तक अन्यथा प्रवधानित न हो, संबंधित प्राधिकरण के सदस्यों तथा ऐसे अन्य व्यक्तियों से मिलकर गठित होंगी, जिन्हें वह प्राधिकरण प्रत्येक मामले में उपयुक्त समझे।

41. रिक्तियों का भरा जाना:–

किसी निजी विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण अथवा अन्य निकाय के सदस्यों के मध्य उत्पन्न सभी रिक्तियों को, यथाशीघ्र सुविधानुसार, उस व्यक्ति अथवा निकाय द्वारा भरा जाएगा जिसने उस सदस्य को नियुक्त अथवा नामनिर्दिष्ट किया था, जिसके स्थान पर रिक्ति उत्पन्न हुई है। ऐसी नियुक्ति अथवा नामनिर्देशन उस सदस्य के शेष कार्यकाल के लिए किया जाएगा, जिसके लिए उसे मूलतः नियुक्त अथवा नामित किया गया था।

42. रिक्तियों के कारण निजी विश्वविद्यालय के प्राधिकरणों एवं निकायों की कार्यवाहियाँ अवैध न होना :–

किसी निजी विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण अथवा अन्य निकाय के किसी विनियम अथवा कार्यवाही को केवल इस आधार पर अवैध नहीं माना जाएगा कि उसमें कोई रिक्ति विद्यमान थी, अथवा निजी विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण या अन्य निकाय के किसी सदस्य के नामनिर्देशन में कोई त्रुटि या अनियमितता थी, अथवा ऐसे विनियम या कार्यवाही में कोई ऐसी त्रुटि या अनियमितता थी जो मामले के गुण-दोष (Merits of the Case) को प्रभावित नहीं करती हो, अथवा इस आधार पर कि निजी विश्वविद्यालय के उस प्राधिकरण या अन्य निकाय की बैठकें इस विनियम के अधीन अपेक्षित अंतरालों पर आयोजित नहीं की गई थीं।

43. निजी विश्वविद्यालय की सदस्यता से हटाया जाना: –

(1) कार्यकारी परिषद्, इस प्रयोजन हेतु लिखित आदेश द्वारा, निजी विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण की सदस्यता से किसी व्यक्ति को हटा सकती है, यदि कार्यकारी परिषद् की कुल सदस्य संख्या के बहुमत द्वारा तथा बैठक में उपस्थित एवं मतदान करने वाले कार्यकारी परिषद् के सदस्यों के कम-से-कम दो-तिहाई बहुमत द्वारा पारित संकल्प के आधार पर यह निर्णय लिया गया हो कि उक्त

व्यक्ति किसी ऐसे अपराध के लिए न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध किया गया है, जो कार्यकारी परिषद् की राय में नैतिक अधमता से संबंधित है।

(2) कार्यकारी परिषद्, इस प्रयोजन हेतु लिखित आदेश द्वारा, किसी व्यक्ति को निजी विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण की सदस्यता से तब भी हटा सकती है, यदि वह विकृतचित्त हो गया हो अथवा उसे न्यायालय द्वारा दिवालिया घोषित किया गया हो।

(3) इस धारा के अधीन किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कोई कार्रवाई तब तक नहीं की जाएगी, जब तक कि उसे प्रस्तावित कार्रवाई के विरुद्ध कारण बताने का युक्तियुक्त अवसर प्रदान न किया गया हो।

(4) उप-धारा (1) अथवा उप-धारा (2) के अधीन पारित प्रत्येक आदेश की एक प्रति, जो भी मामला हो, आदेश पारित किए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र, निर्धारित रीति से संबंधित व्यक्ति को संप्रेषित की जाएगी।

44. निजी विश्वविद्यालय के अभिलेखों के प्रमाणन का तरीका:–

किसी निजी विश्वविद्यालय की किसी रसीद, आवेदन, सूचना, कार्यवाही, किसी प्राधिकरण या समिति के संकल्प अथवा निजी विश्वविद्यालय के कब्जे में उपलब्ध किसी अन्य दस्तावेज़ की प्रति, यदि रजिस्ट्रार द्वारा प्रमाणित की गई हो, तो उसे ऐसी रसीद, आवेदन, सूचना, आदेश, कार्यवाही, संकल्प, दस्तावेज़ अथवा रजिस्टर में प्रविष्टि के अस्तित्व का प्रथमदृष्टया (Prima Facie) साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया जाएगा तथा उसमें वर्णित विषयों और लेन-देन के संबंध में साक्ष्य के रूप में स्वीकार्य होगा, जहाँ मूल दस्तावेज़, यदि प्रस्तुत किया जाता, तो साक्ष्य के रूप में स्वीकार्य होता।

45. विद्यार्थियों का संरक्षण:–

(1) प्रायोजक निकाय विश्वविद्यालय के सतत संचालन को सुनिश्चित करने तथा नामांकित विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करने के लिए आवश्यक वित्तीय, प्रचालन तथा अन्य सुरक्षा उपायों की व्यवस्था करेगा तथा उनका अनुरक्षण करेगा।

(2) उपधारा (1) में उल्लिखित सुरक्षा उपायों में ऐसी व्यवस्थाएँ, आरक्षित निधियाँ, बीमा, प्रत्याभूतियाँ, एस्क्रो व्यवस्थाएँ, आकस्मिकता आयोजनाएँ अथवा अन्य उपाय सम्मिलित हो सकते हैं, जिन्हें प्रायोजक निकाय द्वारा निर्धारित किया जाएगा तथा निर्धारित रीति से प्रकट/सूचित किया जाएगा।

(3) इस धारा के प्रयोजनों के लिए इस विनियम के अधीन किसी न्यूनतम राशि निर्धारित नहीं की जाएगी।

(4) सुरक्षा उपाय, शासी परिषद् के सामान्य पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण के अधीन होंगे तथा निर्धारित रीति से विनियमित तथा अनुरक्षित किए जाएँगे।

46. सूचना एवं अभिलेखों को मांगने की सरकार की शाक्तियाँ : –

(1) किसी निजी विश्वविद्यालय अथवा उसके किसी प्राधिकरण या अधिकारी का यह कर्तव्य होगा कि वह विश्वविद्यालय के प्रशासन, वित्त तथा अन्य मामलों से संबंधित ऐसी सूचना अथवा अभिलेख उपलब्ध कराए, जिन्हें सरकार द्वारा माँगा जाएगा ।

(2) यदि सरकार की यह राय हो कि इस विनियम अथवा इसके अधीन बनाए गए परिनियमों या अध्यादेशों का उल्लंघन हुआ है, तो सरकार धारा 54 के तहत किसी निजी विश्वविद्यालय को ऐसे निर्देश जारी कर सकेगी, जिन्हें वह आवश्यक समझे।

(3) निजी विश्वविद्यालय का यह कर्तव्य होगा कि वह सरकार को सभी प्रासंगिक आँकड़े (इलेक्ट्रॉनिक अथवा अन्य किसी रूप में) उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

47. निजी विश्वविद्यालय का विघटन:–

(1) यदि कोई निजी विश्वविद्यालय किसी भी कारण से अपना विघटन करने का प्रस्ताव करता है, तो वह सरकार को कम-से-कम छह माह पूर्व लिखित सूचना देगा। यह लिखित सूचना विश्वविद्यालय के अंतिम बैच के उत्तीर्ण होने से कम-से-कम छह माह पूर्व दी जाएगी।

(2) उप-धारा (1) में उल्लिखित सूचना प्राप्त होने पर, सरकार निजी विश्वविद्यालय के विघटन की तिथि से लेकर उस निजी विश्वविद्यालय के नियमित अध्ययन पाठ्यक्रमों के अंतिम बैच के सभी विद्यार्थियों द्वारा अपने अध्ययन पाठ्यक्रम पूर्ण किए जाने तक, विश्वविद्यालय के प्रशासन के लिए निर्धारित रीति से आवश्यक व्यवस्थाएँ करेगी।

(3) ऐसे विघटित निजी विश्वविद्यालयों के नाम तथा उनका विवरण को **अनुसूची-IV** ('अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के प्रवर्तन के पश्चात् विघटित निजी विश्वविद्यालयों की सूची) में सम्मिलित किया जाएगा।

(4) उप-धारा (1) एवं (2) में निहित कोई भी बात धारा 8 की उप-धारा (4) के खंड (e) एवं खंड (f) के प्रतिकूल नहीं मानी जाएगी। इसके अतिरिक्त, उप-धारा (1) एवं (2) में निहित कोई भी बात किसी निजी विश्वविद्यालय को इस विनियम की धारा 8 की उपधारा (4) के खंड (e) एवं खंड (f) तथा धारा 9 की उप-धारा (5) के खंड (a) के प्रावधानों के अनुपालन से मुक्त नहीं करेगी।

48. विघटन के दौरान निजी विश्वविद्यालय के व्यय: –

(1) धारा 47 के तहत निजी विश्वविद्यालय के विघटन की प्रक्रिया के दौरान उसके प्रशासन पर होने वाला व्यय विश्वविद्यालय की निधियों से वहन किया जाएगा।

(2) यदि उप-धारा (1) में उल्लिखित निधियाँ निजी विश्वविद्यालय के व्यय की पूर्ति के लिए पर्याप्त न हों, तो ऐसे व्यय की पूर्ति सरकार द्वारा निजी विश्वविद्यालय की संपत्तियों अथवा परिसंपत्तियों का निपटान करके की जा सकेगी।

49. सरकार द्वारा निजी विश्वविद्यालय की मान्यता को समाप्त किया जाना:–

1. जहाँ सरकार को किसी ऐसी शिकायत की प्राप्ति होती है, जिसमें पर्याप्त एवं सारभूत आरोप हों कि कोई निजी विश्वविद्यालय इस विनियम के प्रावधानों के अनुसार कार्य नहीं कर रहा है, वहाँ सरकार उक्त शिकायत की एक प्रति संलग्न करते हुए निजी विश्वविद्यालय से यह कारण बताने की अपेक्षा करेगी कि उसकी मान्यता क्यों न समाप्त कर दी जाए। इसके लिए विश्वविद्यालय को ऐसा समय दिया जाएगा, जो दो माह से कम नहीं होगा।

2. उप-धारा (1) के तहत दिए गए नोटिस के उत्तर में निजी विश्वविद्यालय का प्रत्युत्तर प्राप्त होने पर, यदि सरकार इस बात से संतुष्ट होती है कि निजी विश्वविद्यालय के कार्य संचालन में कुप्रबंधन अथवा इस विनियम के प्रावधानों के उल्लंघन का प्रथम दृष्टया मामला बनता है, तो सरकार ऐसी जाँच का आदेश देगी, जिसे वह आवश्यक समझे।

3. उप-धारा (2) के तहत की जाने वाली जाँच के प्रयोजनों के लिए सरकार, अधिसूचना द्वारा, किसी अधिकारी अथवा प्राधिकारी को जाँच प्राधिकारी के रूप में नियुक्त करेगी, जो इस विनियम के प्रावधानों के उल्लंघन संबंधी आरोपों की जाँच करेगा।

4. उप-धारा (3) के तहत नियुक्त प्रत्येक जाँच प्राधिकारी को, इस विनियम के तहत अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (केंद्रीय अधिनियम 1908 का संख्या V,)

के तहत किसी वाद का विचारण करने वाले सिविल न्यायालय की समस्त शक्तियाँ प्राप्त होंगी, और विशेष रूप से निम्नलिखित विषयों के संबंध में, अर्थात्—

a. किसी भी साक्षी को समन जारी करना, उसकी उपस्थिति सुनिश्चित करना तथा शपथ पर उसकी परीक्षण करना;

b. किसी दस्तावेज़ का खोज एवं प्रस्तुतिकरण की अपेक्षा करना;

c. किसी कार्यालय से किसी सरकारी अभिलेख अथवा उसकी प्रति की मांग करना;

d. शपथ-पत्रों पर साक्ष्य प्राप्त करना; तथा

e. ऐसा कोई अन्य विषय, जो निर्धारित किया जाएगा ।

(5) जाँच प्राधिकारी, निजी विश्वविद्यालय द्वारा किए गए उल्लंघनों की सीमा एवं गंभीरता का निर्धारण करने के उपरांत, उन उल्लंघनों को लघु, प्रमुख अथवा गंभीर उल्लंघन के रूप में वर्गीकृत करने केलिए सशक्त होगा तथा अपनी नियुक्ति की तिथि से तीन माह की अवधि के भीतर अपनी जाँच रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत करेगा। माननीय उप राज्यपाल, अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह लघु, प्रमुख तथा गंभीर उल्लंघनों के संबंध में निर्णय लेने के लिए सक्षम प्राधिकारी होंगे।

(6) इस धारा की उप-धारा (5) में उल्लिखित जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने पर, सरकार निजी विश्वविद्यालय को जाँच रिपोर्ट के निष्कर्षों के संबंध में अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगी। ऐसा अभ्यावेदन सरकार द्वारा संचार/अधिसूचना जारी किए जाने की तिथि से पंद्रह (15) दिनों की अवधि के भीतर प्रस्तुत करना होगा ।

(7) यदि सरकार इस बात से संतुष्ट हो जाती है कि निजी विश्वविद्यालय ने इस विनियम के किसी प्रावधान का उल्लंघन किया है, तो वह निजी विश्वविद्यालय को आवश्यक सुधार करने का निर्देश देगी तथा इस विनियम के प्रावधानों के समुचित क्रियान्वयन के लिए आवश्यक उपाय सुझाएगी।

(8) यदि यह पाया जाता है कि निजी विश्वविद्यालय इस धारा की उप-धारा (7) में उल्लिखित आवश्यक सुधार करने में विफल रहा है तथा वह इस विनियम का निरंतर उल्लंघन कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय में वित्तीय कुप्रबंधन एवं प्रशासनिक कुप्रबंधन की ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, जो निजी विश्वविद्यालय के शैक्षणिक मानकों के लिए संकट उत्पन्न करती है, तो सरकार

निजी विश्वविद्यालय की मान्यता को वापस ले सकती है/अमान्यता प्राप्त घोषित कर साकती है तथा उसका नाम अनुसूची-V ('अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के प्रवर्तन के पश्चात् अमान्य घोषित किए गए निजी विश्वविद्यालयों की सूची) में शामिल करेगी और निजी विश्वविद्यालय के संचालन को सुगम बनाने के लिए एक प्रशासक नियुक्त करेगी।

(9) उप-धारा (8) के अधीन नियुक्त प्रशासक, इस विनियम के तहत शासी परिषद् तथा प्रबंधन परिषद् की सभी शक्तियों का प्रयोग करेगा तथा उनके सभी कर्तव्यों का निर्वहन करेगा और निजी विश्वविद्यालय के कार्यों का प्रशासन तब तक चलाएगा , जब तक कि नियमित पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों का अंतिम बैच अपने पाठ्यक्रम अथवा सेलेबस को पूर्ण न कर ले तथा उन्हें, , डिग्रियाँ, डिप्लोमा अथवा अन्य शैक्षणिक उपाधियाँ, जैसा भी मामला हो, प्रदान न कर दी जाएँ।

(10) नियमित पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के अंतिम बैच को डिग्रियाँ, डिप्लोमा अथवा अन्य शैक्षणिक उपाधियाँ, जैसा भी मामला हो, प्रदान किए जाने के उपरांत, प्रशासक इस आशय का एक रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत करेगा।

(11) उप-धारा (10) के तहत रिपोर्ट प्राप्त होने पर, सरकार समुचित विचार करने के पश्चात्, समान उद्देश्यों वाले किसी अन्य प्रायोजक निकाय में शासी परिषद् की शक्तियाँ निहित करके निजी विश्वविद्यालय के संचालन को जारी रख सकेगी(यदि निजी विश्वविद्यालय की स्थापना के पंद्रह वर्ष के भीतर उसे अमान्य घोषित किया गया हो,); अथवा, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा अन्य संबंधित विनियामक निकायों की पूर्वानुमति प्राप्त करने के उपरांत, निजी विश्वविद्यालय की मान्यता को समाप्त कर सकेगी।

(12) उप-धारा (11) के तहत मान्यता-समापन की प्रक्रिया के दौरान, सरकार निजी विश्वविद्यालय के कार्यों के प्रबंधन के प्रयोजनार्थ उसकी स्थायी अक्षय निधि, सामान्य निधि अथवा विकास निधि का उपयोग कर सकेगी। यदि निजी विश्वविद्यालय की निधियाँ उसके आवश्यक व्यय की पूर्ति के लिए पर्याप्त न हों, तो सरकार उक्त व्यय की पूर्ति के लिए निजी विश्वविद्यालय की परिसंपत्तियों अथवा संपत्तियों का निपटान कर सकेगी।

50. निजी विश्वविद्यालय को नीतिगत विषयों पर निर्देश जारी करने की सरकार की शक्ति:– सरकार समय-समय पर इस विनियम के प्रावधानों के प्रतिकूल न होने वाले नीतिगत विषयों पर निजी

विश्वविद्यालय को ऐसे निर्देश जारी कर सकेगी, जिन्हें वह आवश्यक समझे। ऐसे निर्देशों का अनुपालन निजी विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा।

51. विघटन या मान्यता समाप्त किए जाने पर परिसंपत्तियों और दायित्वों की स्थिति:–

(1) निजी विश्वविद्यालय की सभी परिसंपत्तियाँ, संपत्तियाँ, दायित्व तथा निधियाँ प्रायोजक निकाय की होंगी, परंतु यह कि निजी विश्वविद्यालय का विघटन या मान्यता समाप्त किया जाना उसकी स्थापना की तिथि से पंद्रह वर्ष के पश्चात् धारा 47, 48 एवं 49 में उल्लिखित शर्तों के अधीन किया गया हो।

(2) उप-धारा (1) में उल्लिखित कोई भी बात प्रायोजक निकाय को धारा 8 की उप-धारा (4) के खंड (e) एवं खंड (f), धारा 49 की उप-धारा (12) तथा धारा 9 की उप-धारा (5) के खंड (a) के प्रावधानों के अनुपालन से मुक्त नहीं करेगी।

52. सरकार की नियम बनाने की शक्ति:–

(1) सरकार अधिसूचना द्वारा इस विनियम के सभी या किसी भी प्रयोजन को क्रियान्वित करने के लिए नियम बना सकती है।

(2) इस विनियम के अधीन बनाए गए प्रत्येक विनियम या जारी की गई प्रत्येक अधिसूचना को अण्डमान तथा निकोबार राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा।

(3) पूर्वोक्त शक्तियों की सामान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियम विशेष रूप से निम्नलिखित विषयों के लिए प्रावधानित कर सकते हैं, अर्थात्—

a. धारा 5 के तहत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की रीति, उसमें सम्मिलित किए जाने वाले विवरण तथा देय शुल्क;

b. धारा 7 की उप-धारा (3) के तहत विशेषज्ञ समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को देय बैठक भत्ता एवं भत्ते।

53. कठिनाइयों को दूर करने की शक्ति:–

यदि किसी निजी विश्वविद्यालय के किसी प्राधिकरण के गठन या पुनर्गठन में अथवा इस विनियम के प्रावधानों को प्रभावी बनाने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है, तो सरकार अधिसूचना द्वारा ऐसे प्रावधान

कर सकेगी, जो इस विनियम के प्रावधानों के प्रतिकूल न हों तथा जिन्हें वह कठिनाई के निवारण हेतु आवश्यक या उपयुक्त समझे।

परंतु ऐसी कोई भी अधिसूचना इस विनियम के प्रारंभ होने की तिथि से दो वर्ष की अवधि समाप्त होने के पश्चात् जारी नहीं की जाएगी।

54. विवादों का निपटारा अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में स्थित न्यायालय द्वारा किया जाना :–

इस विनियम के प्रावधानों के परिणामस्वरूप उत्पन्न सभी विवादों का निपटान संघ राज्यक्षेत्र अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के किसी न्यायालय द्वारा निपटाए जाएँगे।

55. निरसन एवं व्यावृत्तियाँ:–

(1) इस विनियम के प्रवर्तन के साथ ही अनुसूची-I ('अण्डमान एवं निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के प्रवर्तन के पश्चात् निरसित किए जाने वाले विनियमों की सूची) में उल्लिखित सभी विनियम निरसित हो जाएँगे।

(2) 'अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के सभी प्रावधान अनुसूची-II (अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के प्रवर्तन से पूर्व के निजी विश्वविद्यालयों की सूची) में उल्लिखित निजी विश्वविद्यालयों पर लागू होंगे। अनुसूची-I में उल्लिखित विद्यमान विनियमों के प्रावधान, निरसन के बावजूद प्रभावी एवं प्रवर्तनीय बने रहेंगे, सिवाय उन निजी विश्वविद्यालयों के, जिनके निरसित विनियमों में भूमि एवं अवसंरचना संबंधी विशिष्ट प्रावधान नहीं हैं, ऐसे निजी विश्वविद्यालयों के लिए इस विनियम की धारा 4 में उल्लिखित भूमि एवं अवसंरचना संबंधी प्रावधान लागू होंगे।

(3) अनुसूची-I में उल्लिखित विनियमों के निरसन के बावजूद, जैसा कि उप-धारा (1) में निर्दिष्ट है, निरस्त विनियमों के अधीन स्थापित विश्वविद्यालयों द्वारा किए गए सभी निर्णय, बनाए गए विनियम, सृजित एवं समाप्त किए गए अधिकार तथा दायित्व को इस विनियम के अंतर्गत वैध माने जाएँगे।

(4) इस विनियमन में समाविष्ट विश्वविद्यालयों को अपने नियमों, अधिनियमों, विनियमों तथा अन्य प्रवृत्त प्रावधानों को, उप-धारा (2) में उल्लिखित प्रावधानों को छोड़कर, उनके संबंधित निरस्त विनियमों के अधीन, इस विनियमन के प्रावधानों के अनुरूप बनाने हेतु संशोधित करना होगा। यह संशोधन इस विनियमन के प्रारंभ होने की तिथि से तीन वर्ष

की अवधि के भीतर किया जाना आवश्यक होगा। इसके अतिरिक्त, अनुसूची-I में उनके संबंधित निरस्त विनियमों के अनुसार स्थापित विद्यमान निजी विश्वविद्यालयों को भी 'अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के प्रारंभ होने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के भीतर अपने संबंधित निरस्त विनियमों के अनुसार प्रावधानों का अनुपालन करना होगा।

(5) सरकार अनुसूची-II (जिसमें 'अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के प्रवृत्त होने से पूर्व स्थापित निजी विश्वविद्यालयों की सूची दी गई है) में उल्लिखित विश्वविद्यालयों को अनुपालन पत्र (परिशिष्ट-5) जारी करेगी, जिसमें उन्हें इस धारा की उप-धारा (2), (4) एवं (6) में उल्लिखित शर्तों का अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया जाएगा।

(6) विश्वविद्यालय, अनुपालन- पत्र जारी किए जाने की तिथि से तीन वर्ष के भीतर, इस धारा की उपधारा (2), (4) एवं (6) में उल्लिखित शर्तों तथा समय-सीमाओं के अनुपालन के संबंध में एक अनुपालन रिपोर्ट, शपथ-पत्र तथा आवश्यक दस्तावेजों सरकार को प्रस्तुत करेंगे।

(7) सरकार, अनुपालन रिपोर्ट के सत्यापन के पश्चात यदि संतुष्ट होती है, तो अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने की तिथि से साठ (60) दिनों के भीतर विद्यमान विश्वविद्यालयों के लिए विशेषज्ञ समिति के माध्यम से अनुमोदन पत्र, परिशिष्ट-6 के अनुसार, जारी करेगी।

(8) यदि विशेषज्ञ समिति सरकार को यह रिपोर्ट देती है कि विद्यमान विश्वविद्यालय इस धारा की उपधारा (2), (4) एवं (6) में उल्लिखित किसी भी शर्त का पूर्णतः अनुपालन नहीं कर रहे हैं; तो सरकार ऐसे मामलों पर विचार कर सकती है तथा जैसा उसे उचित लगे, उपयुक्त कार्यवाही कर सकती है।

(9) विश्वविद्यालय, 'अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' की अधिसूचना जारी होने की तिथि से लेकर अनुमोदन पत्र जारी होने तक की अवधि में, यथावत कार्य करते रहेंगे तथा अपने नियमित शैक्षणिक कार्य एवं संचालन जारी रखेंगे।

अनुसूची-I

निरस्त किए जाने वाले विनियमों ('अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के अधिनियमन के पश्चात) की सूची।

क्रमांक	विनियम का विवरण	विश्वविद्यालय का नाम	प्रायोजक निकाय का नाम
1.			
2.			

अनुसूची-II

'अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के अधिनियमन से पूर्व स्थापित निजी विश्वविद्यालयों की सूची (जो इस अधिनियम के अंतर्गत आते हैं)

क्रमांक	विश्वविद्यालय का नाम	प्रायोजक निकाय का नाम
1.		
2.		

अनुसूची-III

स्थापित नए निजी विश्वविद्यालयों की सूची ('अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के अधिनियमन के पश्चात)

क्रमांक	विनियम का विवरण	विश्वविद्यालय का नाम एवं अवस्थिति	प्रायोजक निकाय का नाम
1.			
2.			
3.			

अनुसूची-IV

विघटित निजी विश्वविद्यालयों की सूची ('अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के अधिनियमन के पश्चात)

क्रमांक	विनियम का विवरण	विश्वविद्यालय का नाम एवं अवस्थिति	प्रायोजक निकाय का नाम
1.			
2.			
3.			

अनुसूची-V

मान्यता वापस ली गई निजी विश्वविद्यालयों की सूची ('अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के अधिनियमन के पश्चात्)

क्रमांक	विनियम का विवरण	विश्वविद्यालय का नाम एवं अवस्थिति	प्रायोजक निकाय का नाम
1.			
2.			
3.			

परिशिष्ट-1

प्रायोजक निकाय द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के मूल्यांकन हेतु जाँच-सूची

क्रमांक	प्रायोजक निकाय (आवेदक) द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सहायक दस्तावेज़, जिनमें उल्लेखित हो ...	जो लागू हो, (✔) का चिन्ह लगाएँ।			टिप्पणियाँ, यदि कोई हों
		हाँ	नहीं	लागू नहीं	
1	प्रस्तावित निजी विश्वविद्यालय की स्थापना की आवश्यकता				
2	प्रायोजक निकाय का विवरण सहित उसके पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रतियाँ (2a, 2b अथवा 2c में से किसी एक के अंतर्गत) संलग्न की जाएँ।				
2a.	भारतीय न्यास अधिनियम 1882 (केन्द्रीय अधिनियम 1882 का 2) अथवा				
2b.	सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 अथवा				
2c.	कंपनियाँ अधिनियम, 2013 (केन्द्रीय अधिनियम 13 का 2013)				
2d.	क्या अल्पसंख्यक (धार्मिक अथवा भाषायी) है				
3	प्रस्तावित विषयों में प्राप्त उपलब्धियों का विवरण, अनुभव तथा विषय विशेषज्ञता				
4	प्रस्तावित निजी विश्वविद्यालय का नाम, अवस्थिति /स्थान तथा मुख्यालय				
5	निजी विश्वविद्यालय के उद्देश्य				
6	प्रायोजक संस्था के पास उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं की उपलब्धता, जिसमें शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी, यदि कोई हों, भी सम्मिलित हों, ।				
7	कैंपस विकास की आयोजनाओं का विवरण, जैसे भवनों का निर्माण, संरचनात्मक सुविधाओं एवं अवसंरचनाओं का विकास तथा				

	निजी विश्वविद्यालय प्रारंभ करने हेतु उपकरणों की खरीद।				
8	पूँजीगत व्यय की चरणबद्ध व्यय योजनाएँ तथा उसके वित्तीय स्रोत।				
9	निजी विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित किए जाने वाले कार्यक्रमों और अध्ययन पाठ्यक्रमों की प्रकृति तथा प्रकार।				
9a	निजी विश्वविद्यालय द्वारा किए जाने वाले प्रस्तावित अनुसंधान तथा नवाचार परियोजनाएँ।				
10	निजी विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ किए जाने वाले प्रस्तावित सुविधाओं की प्रकृति।				
11	संसाधनों के संकलन की योजना तथा उसके लिए पूँजीगत लागत और उन स्रोतों को की जाने वाली वापसी भुगतान की विधि।				
12	प्रस्तावित विस्तृत वित्तीय विवरण तथा प्रमुख परिचालन अनुपात, सहित आंतरिक रूप से उत्पन्न राजस्व स्रोतों का विस्तृत ब्रेक अप ।				
13	निजी विश्वविद्यालय में अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों के चयन के लिए प्रस्तावित प्रणाली				
14	निजी विश्वविद्यालय में शिक्षकों तथा अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु प्रस्तावित प्रणाली				
15	निजी विश्वविद्यालय द्वारा किए जाने वाले विशिष्ट शिक्षण, प्रशिक्षण अथवा अनुसंधान संबंधी गतिविधियों का स्वरूप, जिसमें स्थानीय आवश्यकताओं से संबंधित गतिविधियाँ भी सम्मिलित हों, ताकि विश्वविद्यालय के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके।				

16	खेल-कूद एवं क्रीड़ा तथा सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों जैसे राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं राष्ट्रीय सेवा स्कीम हेतु उपलब्ध अथवा प्रस्तावित किए जाने वाले खेल के मैदानों एवं अन्य सुविधाओं का विवरण।				
17	शैक्षणिक एवं अनुसंधान उत्कृष्टता के लिए प्रस्तावित दृष्टिकोण तथा प्रारंभिक योजनाएँ, जिनमें प्राप्त किए जाने वाले मान्यतापत्र तथा शैक्षणिक लेखा परीक्षण भी सम्मिलित हों।				
18	निजी विश्वविद्यालय द्वारा आर्थिक अथवा सामाजिक रूप से पिछड़े परिवारों के विद्यार्थियों, जिनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा दिव्यंगजन विद्यार्थी सम्मिलित हैं, को प्रदान किए जाने वाले शुल्क में रियायतें अथवा छूट तथा छात्रवृत्तियों का विवरण।				
19	विनियामक निकायों जैसे UGC, AICTE, NMC, DCI, NCTE, BCI, INC, VCI आदि के मानकों का पालन करने की प्रतिबद्धता।				
20	क्या आवेदक एक विद्यमान निजी शैक्षणिक संस्थान है (यदि हाँ, तो उप-धारा 20a, 20b, 20c भरें)।				
20a	क्या संस्थान को संबंधित सांविधिक निकायों/परिषदों द्वारा अनुमोदित किया गया है? इसके अतिरिक्त, यदि आवेदन प्रस्तुत करने के समय संस्थान किसी विश्वविद्यालय से संबद्ध है, तो उसे उस विश्वविद्यालय से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।				
20b	क्या संस्थान को उनके शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए संबंधित सांविधिक				

	निकायों जैसे UGC, AICTE, NMC, DCI, NCTE, BCI, INC, VCI आदि से अनुमोदन प्राप्त है?				
20c	लेखापरीक्षित लेखा रिपोर्ट				
20d	क्या संस्थान के पास आवश्यक शैक्षणिक एवं भौतिक अवसंरचनाएं उपलब्ध है, जैसा कि संबंधित सांविधिक /विनियामक निकायों द्वारा निर्धारित किया गया है?				

अनुलग्नक-2

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में निजी विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु आशय पत्र:

पत्र संख्या ....

उच्च शिक्षा विभाग
अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन
सचिवालय

श्री विजयपुरम्, दिनांक ....   , 2026

सेवा में

....

....

विषय : अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में नया निजी विश्वविद्यालय स्थापित करने हेतु आशय पत्र – से संबंधित ।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आप ज्ञात हैं, संघ राज्यक्षेत्र अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के द्वारा 'अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' अधिनियमित किया गया है, जिसका उद्देश्य संघ राज्यक्षेत्र अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना एवं निगमन करना है। इस विनियम का अभिप्राय संघ राज्यक्षेत्र में उच्च शिक्षा तक पहुँच को सुदृढ़ करना, सकल नामांकन अनुपात को बढ़ाना तथा अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में उच्च शिक्षा की समग्र गुणवत्ता में सुधार करना है। इस हेतु प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों को अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में नए संस्थान स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य उत्कृष्ट नेतृत्व, अनुसंधान, ज्ञान एवं विचारों के विकास के माध्यम से शिक्षा एवं संबद्ध विकास क्षेत्रों में एक मौलिक परिवर्तन को बढ़ावा देना एवं उसका परिकल्पनात्मक रूप प्रदान करना तथा अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में विश्व-स्तरीय उच्च शैक्षणिक संस्थान उपलब्ध कराना है।

चूँकि आपने अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में एक बहुविषयक निजी विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु अपना प्रस्ताव तथा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत किया है और 'अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' (जैसा कि दिनांक .... को प्रकाशित अण्डमान तथा निकोबार राजपत्र, असाधारण संस्करण सं. ......, श्री विजयपुरम्) के प्रावधानों का अनुपालन करने का पर्याप्त प्रयास किया है। उक्त प्रस्ताव का परीक्षण विशेषज्ञ समिति द्वारा किया गया है तथा उसकी रिपोर्ट अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन को प्रस्तुत की गई है। सरकार इस बात से संतुष्ट है कि आपके प्रस्तावानुसार अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन में एक निजी विश्वविद्यालय की स्थापना करना समीचीन है। अतः इस संबंध में आपको यह आशय पत्र जारी किया जाता है।

(a.) निजी विश्वविद्यालय के स्वीकृत शैक्षणिक कार्यक्रमों, छात्र संख्या, अनुसंधान गतिविधियों तथा सहायक सुविधाओं हेतु उपयुक्त भूमि एवं निर्मितक्षेत्र परिसर का विधिसम्मत अधिकार, चाहे स्वामित्व, पट्टा अथवा अन्य किसी विधिक रूप से प्रवर्तनीय अधिभोग अधिकार के माध्यम से, न्यूनतम **तीस वर्ष** की अवधि के लिए प्राप्त हो, तथा उक्त भूमि एवं परिसर प्रचलित आयोजना , ज़ोनिंग / क्षेत्रीय विभाजन, भवन निर्माण, अग्नि सुरक्षा, पर्यावरणीय तथा अन्य सांविधिक आवश्यकताओं के अनुरूप हो। यह उपबंधित किया जाता है कि इस विनियमन के अंतर्गत भूमि क्षेत्रफल अथवा निर्मितक्षेत्र परिसर के संबंध में कोई मात्रात्मक न्यूनतम सीमा निर्धारित नहीं की जाएगी।

(b.) उप-धारा (a) में उल्लिखित भूमि पर, निजी विश्वविद्यालय के अनुमोदित कार्यक्रमों, छात्र नामांकन तथा अनुसंधान गतिविधियों के लिए पर्याप्त शैक्षणिक भवन, प्रयोगशालाएँ, पुस्तकालय, डिजिटल संसाधन, उपकरण, छात्र सुविधाएँ तथा प्रशासनिक अवसंरचनाओं का निर्माण और/या अनुरक्षण किया जाए; यह भी प्रावधानित किया जाता है कि ऐसी सुविधाएँ अन्य शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझा की जा सकती हैं अथवा सार्वजनिक प्राधिकरणों या अन्य व्यक्तियों के साथ समझौता ज्ञापन, अनुज्ञा, पट्टा या अन्य विधिक रूप से प्रवर्तनीय अनुबंध के आधार पर उपलब्ध कराई जा सकती हैं, जिनमें उद्यान, खेल के मैदान, खेल परिसर, सभागार, अनुसंधान सुविधाएँ, पुस्तकालय, छात्रावास अथवा अन्य सहायक अवसंरचनाओं का उपयोग सम्मिलित हो। इस विनियम के अंतर्गत पुस्तकों, पत्रिकाओं, उपकरणों, कंप्यूटरों, कक्षाओं के आकार या निर्मित क्षेत्र से संबंधित कोई मात्रात्मक न्यूनतम सीमा निर्धारित नहीं की जाएगी, सिवाय उन स्थितियों में जहाँ किसी केंद्रीय सांविधिक विनियामक प्राधिकरण द्वारा स्पष्ट रूप से अपेक्षित हो।

(c.) शिक्षण के उद्देश्य से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार अध्यापकों की नियुक्ति की जाए, तथा

(d.) निजी विश्वविद्यालय की स्थापना से पूर्व सरकार द्वारा अपेक्षित अन्य शर्तों का पालन किया जाए।

(e.) विश्वविद्यालय 'हरित परिसर' के सिद्धांतों पर स्थापित किया जाए, जिसमें ऊर्जा-सक्षम उपकरणों का उपयोग किया जाए तथा जल संचयन की सुविधाएँ स्थापित की जाएँ। यदि विश्वविद्यालय व्यावसायिक अध्ययन कार्यक्रम संचालित करता है, तो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा संबंधित सांविधिक निकायों के प्रचलित मानदंड एवं मानक लागू होंगे।

(f.) प्रत्येक विभाग/विषय में नियमित अध्यापकों का न्यूनतम पचहत्तर प्रतिशत विश्वविद्यालय के नियमित कर्मचारी होंगे।

(g.) विश्वविद्यालय में अशैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के अधिवासित व्यक्तियों के लिए कुल अशैक्षणिक पदों का न्यूनतम पचास प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का वचनपत्र प्रस्तुत किया जाए। अशैक्षणिक पदों पर आरक्षण की व्यवस्था समय-समय पर संघ राज्यक्षेत्र सरकार के प्रचलित विधि एवं आदेशों द्वारा विनियमित की जाएगी।

(h) विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के लिए भविष्य निधि की स्थापना करने तथा उनके कल्याणार्थ कल्याणकारी कार्यक्रमों को संचालित करने का वचनपत्र देना।

(i) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद अथवा संघ अथवा राज्य सरकार के विधि द्वारा स्थापित किसी अन्य सांविधिक निकाय द्वारा निर्धारित की जाने वाली अन्य शर्तों को पूरा करना तथा अपेक्षित अन्य सूचनाएँ उपलब्ध कराना।

(j) विश्वविद्यालय के प्रारंभ से पंद्रह वर्षों की अवधि पूर्ण होने से पूर्व विश्वविद्यालय को विघटित न करने का वचनपत्र देना, और यदि विश्वविद्यालय प्रारंभ से पंद्रह वर्षों की अवधि पूर्ण होने से पूर्व विघटित किया जाता है, तो विश्वविद्यालय की समस्त परिसंपत्तियाँ बिना किसी देयता तथा सभी भारों से मुक्त होकर सरकार में निहित होंगी।

(k) यह वचनपत्र देना कि यदि विश्वविद्यालय अपने प्रारंभ से पंद्रह वर्षों की अवधि पूर्ण होने से पूर्व विघटित किया जाता है अथवा अधिनियमों, अध्यादेशों, विनियमों, सरकार के निदेशों तथा अन्य सांविधिक निकायों के प्रावधानों का उल्लंघन करने के कारण मान्यता-निरसन किया जाता है, तो विश्वविद्यालय की समस्त परिसंपत्तियाँ बिना किसी देयता तथा सभी भारों से मुक्त होकर सरकार में निहित होंगी।

(l) यदि किसी विद्यमान शैक्षणिक संस्थान द्वारा धारा-6(2) के अंतर्गत निजी विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त करने हेतु आवेदन किया जाता है, तो उसे धारा-3, धारा-4, धारा-5, धारा-6, धारा-7 तथा धारा-8 में उल्लिखित विश्वविद्यालय स्थापना की शर्तों, आवेदन तथा प्रक्रियाओं का अनुपालन करना होगा। तथापि, स्थापना की शर्तों, आवेदन तथा प्रक्रिया संबंधी धाराओं में उल्लिखित किसी भी प्रावधान के बावजूद, उक्त विद्यमान संस्थान को आशय पत्र निर्गत होने की तिथि से चार वर्षों की अवधि तक अथवा अंतिम बैच के उत्तीर्ण होने तक, जो भी पहले हो, अपनी वर्तमान संबद्धता एवं अनुमोदन के आधार पर कार्य करना जारी रखने की अनुमति होगी। परंतु, आशय पत्र निर्गत होने के पश्चात् संस्थान द्वारा नए बैचों में प्रवेश नहीं किया जाएगा।

यदि आप उपर्युक्त शर्तों से सहमत हैं, तो कृपया आवश्यक कार्यवाही करें तथा अपेक्षित वचनपत्र प्रस्तुत करें, ताकि संघ राज्यक्षेत्र सरकार इस संबंध में आवश्यक आगे की कार्रवाई कर सके।

इसके अतिरिक्त, आपको निर्देशित किया जाता है कि इस आशय पत्र के निर्गमन की तिथि से तीन वर्षों की अवधि के भीतर संघ राज्यक्षेत्र सरकार को एक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। यह रिपोर्ट स्पष्ट एवं निर्विवाद शपथपत्र, आवश्यक दस्तावेजों सहित इस आशय का होना चाहिए कि आशय पत्र में उपर्युक्त रूप से उल्लिखित सभी शर्तों का आपके द्वारा पालन किया गया है, ताकि संघ राज्यक्षेत्र सरकार आपके द्वारा प्रस्तुत अनुपालन रिपोर्ट का सत्यापन कर सके और इस संबंध में आवश्यक आगे की कार्रवाई कर सके।

भवदीय

(नाम)

निदेशक (उच्च शिक्षा)

अनुलग्नक-3

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में नए निजी विश्वविद्यालय के निगमन हेतु निगमन पत्र

पत्र संख्या ....

उच्च शिक्षा विभाग
अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन
सचिवालय

श्री विजयपुरम्, दिनांक .... , 2026

सेवा में

....
....

विषय: अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में नए निजी विश्वविद्यालय के निगमन हेतु निगमन पत्र के संबंध में ।

महोदय/महोदया,

हमें यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में एक नवीन बहुविषयक निजी विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु आशय पत्र (दिनांक, पत्र का विवरण) के संबंध में आपके द्वारा प्रस्तुत अनुपालन रिपोर्ट का अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन द्वारा सत्यापन कर लिया गया है तथा उसे स्वीकार कर लिया गया है। संघ राज्यक्षेत्र सरकार ने '**अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026'** के अंतर्गत विश्वविद्यालय की स्थापना की अनुमति प्रदान करते हुए अपने राजपत्र (दिनांक एवं अधिसूचना का विवरण) में अधिसूचना प्रकाशित कर दी है। उक्त अधिसूचना की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न है।

चूँकि अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन ने अधिसूचना जारी कर दी है, अतः एतद्द्वारा आपको यह निगमन पत्र जारी करते हुए आपको निम्नलिखित निर्देश दिए जाते हैं:

a. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि नव-निगमित विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की प्राधिकृत विश्वविद्यालयों की सूची में सम्मिलित किया जा सके।

b. विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय-समय पर निर्धारित मानदंडों, अधिसूचनाओं, विनियमों एवं दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी शैक्षणिक एवं गैर-औपचारिक पाठ्यक्रम संचालित करने होंगे, डिग्रियों एवं कार्यक्रमों की नामावली का अनुपालन करना होगा जैसा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम के अंतर्गत विनिर्दिष्ट है, तथा शासन, शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय विषयों से संबंधित कार्यों के लिए अधिनियम,

विनियम, नियम एवं प्राधिकरणों की स्थापना करनी होगी, जैसे—प्रशासनिक परिषद, कार्यकारी परिषद, शैक्षणिक परिषद, वित्त समिति तथा अन्य समितियाँ एवं बोर्ड।

c. विश्वविद्यालय को अध्यापन, शैक्षणिक एवं भौतिक अवसंरचना, शिक्षकों की योग्यताएँ आदि के मानकों को, जो संबंधित सांविधिक /विनियामक निकाय जैसे— अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, भारतीय दंत परिषद, राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद, भारतीय विधि परिषद, भारतीय नर्सिंग परिषद, भारतीय पशु चिकित्सा परिषद आदि द्वारा महाविद्यालय स्तर की संस्थाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं, न्यूनतम से उच्च स्तर पर बनाए रखना होगा, तथा विभिन्न अध्ययन कार्यक्रमों के संचालन हेतु, जहाँ लागू हो, उनके अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

आपको निगमन पत्र में उल्लिखित उपर्युक्त शर्तों का अनुपालन इस निगमन पत्र के जारी होने की तिथि से दो (2) वर्ष की अवधि के भीतर करना अनिवार्य होगा।

आपको आगे निर्देशित किया जाता है कि निगमन पत्र में उल्लिखित सभी शर्तों को आपके द्वारा पूर्ण किए जाने के संबंध में आवश्यक दस्तावेजों सहित एक शपथपत्र सरकार को प्रस्तुत करें, ताकि संघ राज्यक्षेत्र सरकार आपके द्वारा प्रस्तुत शपथपत्र एवं रिपोर्ट का सत्यापन कर सके तथा इस संबंध में आवश्यक आगे की कार्रवाई कर सके।

भवदीय

(नाम)

निदेशक (उच्च शिक्षा)

अनुलग्नक-4

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में नए निजी विश्वविद्यालय प्रारंभ करने के लिए अनुमोदन पत्र

पत्र संख्या ....

उच्च शिक्षा विभाग
अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन
सचिवालय

श्री विजयपुरम्, दिनांक .... , 2026

सेवा में

....
....

विषय: अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में नए निजी विश्वविद्यालय प्रारंभ करने के लिए अनुमोदन पत्र के संबंध में।

महोदय/महोदया,

हमें यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आपके द्वारा प्रस्तुत शपथपत्र तथा दस्तावेज़, जो आपको जारी निगमन पत्र (दिनांक एवं पत्र का विवरण) के संबंध में नये बहुविषयक निजी विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु प्रस्तुत किए गए थे, को अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन द्वारा परीक्षण कर स्वीकार कर लिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, संघ राज्यक्षेत्र सरकार द्वारा 'अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के अंतर्गत विश्वविद्यालय की स्थापना की अनुमति प्रदान करते हुए अधिसूचना को अपने राजपत्र में प्रकाशित कर दिया गया है (दिनांक एवं अधिसूचना का विवरण)। उक्त अधिसूचना की प्रति संलग्न की जा रही है।

अतः आपको यह **अनुमोदन पत्र** जारी किया जा रहा है, जिससे आप (प्रभावी दिनांक ....) से निजी विश्वविद्यालय के नियमित संचालन का शुभारम्भ कर सकें।

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के प्रति आपके समर्पण हेतु हम आपको बधाई देते हैं। हमें विश्वास है कि विश्वविद्यालय 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020' के अनुरूप स्वयं को अभिसंरेखित करेगा तथा विश्वविद्यालय के घोषित उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु कार्य करेगा। विश्वविद्यालय

अनुदान आयोग तथा अन्य प्रासंगिक सांविधिक/विनियामक निकायों द्वारा समय-समय पर निर्धारित मानदंडों, दिशा-निर्देशों एवं विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

कृपया ध्यान दें कि सरकार समय-समय पर नीति विषयक मामलों में, जो 'अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के प्रावधानों के विपरीत न हों, निजी विश्वविद्यालय को आवश्यकतानुसार ऐसे निर्देश जारी कर सकती है। ऐसे निर्देशों का अनुपालन निजी विश्वविद्यालय द्वारा किया जाना अनिवार्य होगा।

भवदीय

(नाम)

निदेशक (उच्च शिक्षा)

अनुलग्नक-5

विद्यमान निजी विश्वविद्यालय के लिए अनुपालन पत्र

पत्र संख्या: ....

उच्च शिक्षा विभाग

अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन

सचिवालय

श्री विजयपुरम्, दिनांक .... , 2026

सेवा में

....

....

विषय: विद्यमान निजी विश्वविद्यालय के लिए अनुपालन पत्र – संबंध में।

महोदय/महोदया,

हम आपको संघ राज्यक्षेत्र अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के प्रति आपके समर्पण के लिए बधाई देते हैं। हमें विश्वास है कि विश्वविद्यालय स्वयं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप बना रहा है और विश्वविद्यालय के घोषित उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु निरंतर कार्य कर रहा है, साथ ही समय-समय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) तथा अन्य संबंधित सांविधिक/विनियामक निकायों द्वारा निर्धारित मानदंडों, दिशा-निर्देशों और विनियमों का पालन कर रहा है।

जैसा कि आपको विदित हैं, अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन ने 'अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' अधिनियमित किया है (दिनांक, विनियम की अधिसूचना का विवरण)। यह विनियम सभी निजी विश्वविद्यालयों को एक समान कानून के तहत संचालित करने हेतु एक छत्र विनियम के रूप में बनाया गया है। हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि 'अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के अधिनियमन के फलस्वरूप, 'अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के अधिनियमन से पूर्व अनुमोदित सभी पूर्ववर्ती व्यक्तिगत निजी विश्वविद्यालय विनियम निरस्त हो गए हैं। तथापि, कृपया ध्यान दें कि यद्यपि 'अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' की अनुसूची-I में उल्लिखित विनियम (अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के अधिनियमन के पश्चात निरस्त किए जाने वाले विनियमों एवं विश्वविद्यालयों की सूची) निरस्त कर दिए गए हैं, फिर भी उन निरस्त विनियमों के अंतर्गत स्थापित विश्वविद्यालयों द्वारा लिए गए सभी निर्णय, किए गए विनियमन, उत्पन्न एवं समाप्त किए गए अधिकार तथा देयताएँ, नव अधिनियमित 'अण्डमान एवं निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के अंतर्गत वैध मानी जाएँगी।

यह **अनुपालन पत्र** आपको आपके आगे की कार्रवाई हेतु जारी किया जा रहा है। आपसे अनुरोध है कि प्रस्तावित समय-सीमा के अनुसार निम्नलिखित शर्तों का पालन करें।

a. निरस्त विनियमों के अंतर्गत लागू परिनियमों, अध्यादेशों, विनियमों तथा अन्य प्रावधानों में संशोधन कर उन्हें नए अधिनियमित 'अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के प्रावधानों के अनुरूप बनाया जाए, और यह कार्य इस नए विनियमन के प्रारंभ की तिथि से तीन वर्षों की अवधि के भीतर पूरा किया जाए।

b. अनुसूची-I में उल्लिखित निरस्त विनियम के अंतर्गत जिस विश्वविद्यालय का उल्लेख किया गया है, उसके अनुसार भूमि एवं अवसंरचनाओं की आवश्यकताओं का अनुपालन करें। यह कार्य इस नए विनियमन के प्रारंभ की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के भीतर पूरा किया जाना आवश्यक है।

आपको आगे निर्देशित किया जाता है कि अनुपालन पत्र जारी होने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के भीतर सरकार को एक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस प्रतिवेदन के साथ एक शपथपत्र तथा आवश्यक दस्तावेज संलग्न किए जाएँ, जिनसे यह प्रमाणित हो कि उपर्युक्त शर्तें आपके द्वारा पूरी कर दी गई हैं। ताकि संघ राज्यक्षेत्र सरकार आपके द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का सत्यापन कर सके और इस संबंध में आगे की कार्रवाई कर सके।

भवदीय

(नाम)

निदेशक (उच्च शिक्षा)

अनुलग्नक-6

विद्यमान निजी विश्वविद्यालय के लिए अनुमोदन पत्र

पत्र संख्या: ....

उच्च शिक्षा विभाग
अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन
सचिवालय

श्री विजयपुरम, दिनांक .... , 2026

सेवा में ,

....

....

विषय: अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में विद्यमान निजी विश्वविद्यालय के लिए अनुमोदन पत्र के संबंध में ।

महोदय/महोदया,

हमें यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आपके द्वारा प्रस्तुत अनुपालन रिपोर्ट, शपथपत्र तथा दस्तावेज़, जो अनुपालन पत्र की शर्तों अर्थात् 'अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' की धारा-55(3) एवं 55(5) में उल्लिखित शर्तो से संबंधित हैं, तथा जिनके अंतर्गत संबंधित निरस्त विनियम (निरस्त विनियम का नाम एवं विवरण) के तहत लागू परिनियमों, अध्यादेशों एवं विनियमों में संशोधन कर उन्हें 'अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के प्रावधानों के अनुरूप बनाया जाना है, उनका अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन द्वारा सत्यापन कर लिया गया है और उन्हें स्वीकार कर लिया गया है।

यह अनुमोदन पत्र आपको इस प्रमाण के रूप में जारी किया जा रहा है कि आपने 'अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' की धारा-55(3) एवं 55(5) के प्रावधानों का अनुपालन किया है।

कृपया ध्यान दें कि सरकार समय-समय पर ऐसी दिशा-निर्देश जारी कर सकती है, जो 'अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह निजी विश्वविद्यालय विनियम, 2026' के प्रावधानों के विपरीत न हों, और जिन्हें वह आवश्यक समझे। ऐसे दिशा-निर्देशों का अनुपालन निजी विश्वविद्यालय द्वारा किया जाना अनिवार्य होगा।

भवदीय

(नाम)

निदेशक (उच्च शिक्षा)